● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 37, अंक 92, पृष्ठ : 08, सीधी, गुरूवार , 08 मई 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



पराक्रमों विजयते...अखिलेश की प्रतिक्रिया 5

शिफ्ट होगा मुंबई-पंजाब का मैच? 6

## पाक में सिंदूर का प्रहार, 25 मिनट में नौ आतंकी ठिकाने ध्वस्त

### भारत ने आतंकी हमलों को रोकने के अपने अधिकार का प्रयोग किया : विदेश सचिव

**नई दिल्ली।** सरकार और सेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले कश्मीर में भारतीय सशस्त्र बलों की स्ट्राइक ऑपरेशन सिंदूर के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करने के लिए कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह मौजूद थीं। इस दौरान बताया गया कि ऑपरेशन सिंदूर रात एक बजकर पांच मिनट और एक बजकर 30 मिनट के बीच चलाया गया। इस दौरान आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया। सेना ने पाकिस्तान के 100 किलोमीटर अंदर मिसाइल हमले किए और नौ आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया। भारत की स्ट्राइक की जद में पीओके में पांच और पाकिस्तान में चार आतंकी ठिकाने आए।



कर्नल सोफिया कुरैशी ने ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए पीओके के आतंकी शिविरों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा, मुजफ्फराबाद में शवाई नाला कैंप लश्कर-ए-तैयबा का कैंप है। 20 अक्तूबर, 2024 को सोनमर्ग, 24 अक्तूबर, 2024 को गुलमर्ग और 22 अप्रैल, 2025 को पहलगाम में हुए हमलों के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों को यहीं प्रशिक्षित किया गया था। उन्होंने मुजफ्फराबाद में सैयदना बिलाल कैंप पर स्ट्राइक की भी जानकारी दी, यह जैश-ए-मोहम्मद का कैंप है, जो हथियार, विस्फोटक और प्रशिक्षण केंद्र के रूप में काम करता है। इसके साथ ही नियंत्रण रेखा (एलओसी) से 30 किलोमीटर दूर कोटली में गुलपुर कैंप को भी टारगेट किया गया। यह 20 अप्रैल, 2023 को पुंछ हमले और 9 जून, 2024 को तीर्थयात्रा बस हमले से जुड़े लश्कर आतंकियों का ठिकाना था। इसके अलावा भिमबेर में बरनाला कैंप को भी ध्वस्त किया गया, यह हथियारों और आईईडी की सप्लाई का केंद्र और ट्रेनिंग सेंटर था। ऐसे ही एलओसी से 13 किमी दूर एक अन्य कोटली कैंप में 15 आतंकवादियों की क्षमता वाले लश्कर के फिदायीन को प्रशिक्षित किया जाता था। इसे भी ध्वस्त किया गया। इससे पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में संसद हमले, मुंबई हमले, पुलवामा हमले और पहलगाम हमले के दृश्य दिखाए गए। सबसे पहले विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। इसके बाद कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर की पूरी जानकारी साझा की। उन्होंने बतायास कि ऑपरेशन सिंदूर 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए वीभत्स आतंकी हमले के शिकार नागरिकों और उनके परिवारों को न्याय देने के लिए किया गया। नौ ठिकानों की पहचान कर उन्हें बर्बाद किया गया। इन ठिकानों में आतंकियों को प्रशिक्षित किया जाता था। ये आतंकियों के लॉन्च पैड थे। ऑपरेशन सिंदूर के लिए इन लक्ष्यों का चयन विश्वसनीय खुफिया सूचनाओं के आधार पर हुआ। इसमें यह ध्यान रखा गया कि रिहाइशी इलाकों और आम नागरिकों को नुकसान न पहुंचे। इससे पहले विक्रम मिस्त्री ने कहा, 22 अप्रैल 2025 को लश्कर-ए-तैयबा से पाकिस्तान से प्रशिक्षित आतंकियों ने कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर बर्बरतापूर्ण हमला किया। 25 भारतीयों और एक विदेशी नागरिक को कायरतापूर्ण तरीके से मार दिया गया। यह मुंबई हमले के बाद आतंकी हमलों में आम नागरिकों के मारे जाने की सबसे गंभीर घटना रही। इस हमले में वहां मौजूद लोगों को करीब से और उनके परिवार के सामने सिर पर गोली मारी गई। परिवार के सदस्यों को जानबूझकर आघात पहुंचाया गया। यह नसीहत भी दी गई कि वे हमले का संदेश पहुंचाएं। यह जम्मू-कश्मीर में बहाल हो रही सामान्य स्थिति को बाधित करने के लिए हुआ। इस हमले का उद्देश्य पर्यटन को प्रतिकूल रूप से नुकसान पहुंचाना था। पिछले साल यहां पौने करोड़ पर्यटक आए थे।

## तय समय पर पूरी हों सभी वृहद परियोजनाएं : डॉ यादव



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य की सभी विकास परियोजनाओं में गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित किया जाए तथा उन्हें समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि योजनाओं के लक्ष्यों की प्राप्ति में गति लायी जाए और हर स्तर पर नियोजन की स्पष्टता हो। मुख्यमंत्री डॉ. ने कहा कि परियोजनाओं की सफलता का मूल मंत्र समर्पण, पारदर्शिता और समय प्रबंधन है। उन्होंने कहा कि अधूरी अथवा लंबित परियोजनाओं पर विशेष ध्यान देते हुए कार्य में तेजी लायी जाए, जिससे जनहित में समय रहते लाभ पहुंचाया जा सके। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंत्रालय में जल संसाधन विभाग की वृहद परियोजना नियंत्रण मंडल की 126 वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। बैठक में जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री कार्यालय एवं जल संसाधन डॉ. राजेश राजौरा, प्रमुख सचिव वित्त श्री मनीष रस्तोगी सहित जल संसाधन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैठक में प्रदेश में चल रही विभिन्न वृहद परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी ली और अधिकारियों को समुचित दिशा निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के समग्र विकास के हर पहलू को प्राथमिकता दे रही है। सरकार के प्रयासों का जनता को प्रत्यक्ष लाभ मिले, यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है। इसके तहत वृहद परियोजना नियंत्रण मंडल की बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 2 वृहद परियोजनाओं को मंजूरी दी। टर्न की पद्धति पर भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) पेट्रोकेमिकल परियोजना के लिए महुता घाट के डाउनस्ट्रीम में बैराज एवं संबंधित कार्यों का निर्माण कराया जाएगा।

## केंद्र सरकार ने बुलाई सर्वदलीय बैठक

**नई दिल्ली।** भारत के रक्षा बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकी ठिकानों पर ऑपरेशन सिंदूर के तहत सटीक हमले किए हैं। इन हमलों का मकसद पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेना था। इसके बाद केंद्र सरकार ने सभी राजनीतिक दलों को जानकारी देने के लिए गुरुवार, 8 मई को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। यह बैठक सुबह 11 बजे संसद भवन के पुस्तकालय भवन में होगी।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, सरकार ने 8 मई, 2025 को सुबह 11 बजे संसद पुस्तकालय भवन के कमेटी रूम त-074 में सर्वदलीय नेताओं की बैठक बुलाई है।

वहीं इससे पहले कांग्रेस पार्टी ने भी अपने वरिष्ठ नेताओं की एक बैठक बुलाई थी। जिसे लेकर कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बताया कि यह बैठक मौजूदा सुरक्षा हालात पर चर्चा के लिए बुलाई गई थी। इसके बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रेस वार्ता कर ऑपरेशन सिंदूर के लिए सेना की बहादुरी को सलाम किया और कहा हम आतंकवाद के खिलाफ सरकार के साथ खड़े हैं। पहलगाम आतंकी हमले के बाद सरकार ने पहले भी सर्वदलीय बैठक बुलाई थी। उस समय सभी विपक्षी दलों ने सरकार के कदमों को पूरा समर्थन दिया था और हमलावरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की थी।

ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी देते हुए विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि पहलगाम में हुआ आतंकी हमला बेहद क्रूर था। इसमें ज्यादातर पीड़ितों को नजदीक से सिर में गोली मारी गई थी और उनके परिवारों के सामने हत्या की गई। उन्होंने कहा, इस हमले का मकसद कश्मीर में लौट रही सामान्य स्थिति को खराब करना था।

## कैबिनेट ने संशोधित शक्ति योजना को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** आर्थिक मामलों की केंद्रीय समिति ने बुधवार को संशोधित शक्ति योजना का मंजूरी दे दी। इस योजना के तहत देश के बिजली संयंत्रों को पारदर्शी तरीके से कोयला आवंटित हो सकेगा। आर्थिक मामलों की केंद्रीय समिति की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की। इससे बिजली संयंत्रों को अपनी दीर्घकालिक और अल्पकालिक कोयला जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी। सरकार ने लिंकेज प्रक्रिया को सरल बनाने के उद्देश्य से यह मंजूरी दी। कोयला मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि आर्थिक मामलों की केंद्रीय समिति ने केंद्रीय, प्रादेशिक और स्वतंत्र बिजली उत्पादकों के ताप विद्युत संयंत्रों के लिए नए कोयला लिंकेज देने को मंजूरी दे दी है।

## पीएम मोदी ने सुरक्षा बलों की तारीफ की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को ऑपरेशन सिंदूर के लिए भारतीय सशस्त्र बलों की सराहना की। दरअसल, भारतीय सशस्त्र बलों ने देर रात पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर हमले किए थे। इस दौरान नौ आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया गया। पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों को तबाह करने के लिए चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के कुछ घंटों बाद प्रधानमंत्री ने केंद्रीय कैबिनेट की बैठक की अध्यक्षता की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की ओर से ऑपरेशन सिंदूर के बारे में कैबिनेट को सूचित किया गया। इसके बाद पूरी कैबिनेट



ने मेज थपथपाकर कार्रवाई और प्रधानमंत्री के नेतृत्व की सराहना की। ऐसा माना जा रहा है कि पीएम मोदी ने यह भी कहा कि उनकी सरकार आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस रखेगी। सूत्रों के मुताबिक, प्रधानमंत्री ने रक्षा मंत्री और एनएसए अजीत डोभाल से भी अलग से मुलाकात की और मौजूदा हालात का जायजा लिया।

इससे पहले पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेते हुए भारतीय सशस्त्र बलों ने मंगलवार-बुधवार की दरम्यानी रात पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए। इनमें बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ और मुरीदके में लश्कर-ए-तैयबा का ठिकाना शामिल है। प्रधानमंत्री ने इससे पहले पहलगाम हमले के मद्देनजर आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई के लक्ष्यों, तरीके और समय पर निर्णय लेने के लिए सशस्त्र बलों को पूरी स्वतंत्रता दी थी। पहलगाम आतंकी हमले में 26 नागरिक मारे गए थे। इस बीच प्रधानमंत्री मोदी की नॉर्वे, क्रोएशिया और नीदरलैंड की यात्रा स्थगित कर दी गई है।

## एनएसए डोभाल ने 8 देशों के समकक्षों से की बात

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर के 9 आतंकी ठिकानों पर मिसाइलों से सटीक हमले किए। लक्षित हमलों के बाद भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने कई देशों के समकक्षों से बातचीत की। डोभाल ने सबसे पहले अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार एवं विदेश मंत्री मार्को रुबियो से बातचीत की। इसके बाद उन्होंने ब्रिटेन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जोनाथन पॉवेल से बातचीत कर ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी दी।

## आरोपी को निष्पक्ष सुनवाई का अधिकार, उपलब्ध कराई जाए दस्तावेजों की प्रति

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि एक आरोपी को निष्पक्ष सुनवाई की सांविधानिक गारंटी हासिल है। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि आरोपी को जांच के दौरान प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा एकत्र किए दस्तावेजों और बयानों की प्रति हासिल करने का अधिकार है।

जस्टिस अभय एस. ओका और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने कहा कि जब किसी मामले में कोर्ट अभियोजन पक्ष की शिकायत पर संज्ञान लेती है, तो विशेष जज को सुनिश्चित करना चाहिए कि उस प्रक्रिया के साथ-साथ शिकायत की प्रतिलिपि और सभी दस्तावेज आरोपी को उपलब्ध कराए जाएं। शीर्ष कोर्ट ने आगे कहा, आरोपी को उन बयानों, दस्तावेजों, वस्तुओं और साक्ष्यों की सूची की प्रतिलिपि भी दी जानी चाहिए, जिन पर अधिकारी भरोसा नहीं कर रहा है।

कोर्ट का यह फैसला धनशोधन मामले में आरोपी सरला गुप्ता की ओर से दायर याचिका पर आया है।

## मसूद अजहर अपनों की मौत पर फूट-फूटकर रोया

**नई दिल्ली।** भारत की सशस्त्र सेनाओं द्वारा अंजाम दिए गए ऑपरेशन सिंदूर में आतंकी संगठन जैश ए मोहम्मद के प्रमुख मसूद अजहर के परिवार के 10 लोगों की मौत हुई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मसूद अजहर ने बयान जारी कर इसकी जानकारी दी है। बहावलपुर में आतंकी ठिकानों पर हुए हमले में मसूद अजहर के लोगों की मौत हुई है। रिपोर्ट्स के अनुसार, आज शाम चार बजे बहावलपुर में मसूद अजहर के परिजनों को दफनाया जाएगा। मसूद अजहर ने बयान जारी कर बताया है कि हमले में उसके परिजनों के अलावा चार करीबी सहयोगी भी मारे गए हैं। बहावलुपर में जामिया मस्जिद सुभान अल्लाह पर हुए हमले में जैश ए मोहम्मद चीफ मसूद अजहर की बड़ी बहन और उसके पति, भांजे और उसकी पत्नी और अन्य भतीजों और परिवार के पांच बच्चों की मौत हुई है। हमले में मसूद अजहर के करीबी सहयोगी और उसकी मां और दो अन्य करीबी सहयोगियों की भी मौत हुई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हमले में अपनों के मारे जाने पर मसूद अजहर फूट-फूटकर रोया। भारत के हमले में आतंकी कारी मोहम्मद इकबाल की भी मौत हुई है। कारी इकबाल ही कोटली में चलने वाले आतंकी कैंपों का कमांडर था। कारी इकबाल के साथ हमले में 10 अन्य आतंकी भी मारे गए हैं। ऑपरेशन सिंदूर में बिलाल आतंकी कैंप के प्रमुख याकूब मुगल की भी मौत हुई है। मरकज सुभान अल्लाह कराची-तोरखाम राजमार्ग पर बहावलपुर के बाहरी इलाके में स्थित है। यह जैश ए मोहम्मद का मुख्य आतंकी प्रशिक्षण केंद्र है, जो 15 एकड़ इलाके में फैला है। मरकज सुभान अल्लाह जैश का संचालनात्मक मुख्यालय माना जाता है और 2019 में जम्मू कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकी हमले की योजना यहीं बनाई गई थी। मौलाना मसूद अजहर का घर मरकज सुभान अल्लाह में ही है, लेकिन फिलहाल पाकिस्तानी सेना ने उसे भारत के हमले के डर से किसी अज्ञात स्थान पर छिपाया हुआ है। जैश ए मोहम्मद को साल 2001 में भारत ने आतंकी संगठन घोषित किया था। उसके बाद से कई अन्य देश भी इसे आतंकी संगठन घोषित कर चुके हैं।

## उत्तर प्रदेश में जारी किया गया रेड अलर्ट

**लखनऊ।** पहलगाम में आतंकी हमले का जवाब देते हुए भारतीय सेना ने पाकिस्तान के अंदर घुसकर ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया और आतंकियों के नौ ठिकानों को ध्वस्त कर दिया है। इसके बाद उत्तर प्रदेश में रेड अलर्ट जारी किया गया है।

यूपी डीजीपी के एक्स पर जारी किए गए बयान में कहा गया है कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना द्वारा आतंकी ठिकानों पर की गई कार्रवाई के मद्देनजर उत्तर प्रदेश में रेड अलर्ट घोषित किया गया है।

यूपी पुलिस की सभी फील्ड इकाइयों को रक्षा बलों से समन्वय स्थापित करने एवं महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए हैं।

यूपी पुलिस सतर्क है, संसाधनों से लैस है और प्रदेश के प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह तैयार है। जय हिन्द !

भारतीय सेना द्वारा आतंकी ठिकानों पर की गई कार्रवाई के मद्देनज़र उत्तर प्रदेश में रेड अलर्ट घोषित किया गया है।

## सेना की जांबाजी को सलाम, हम सरकार के साथ खड़े हैं : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना की तरफ से पहलगाम आतंकी हमले के बाद चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर पर कांग्रेस ने कार्यसमिति की आपात बैठक बुलाई थी। जिसमें तमाम शीर्ष कांग्रेस नेता शामिल हुए हैं। वहीं इस बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रेस वार्ता की। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि, हम सेना के जांबाज सैनिकों को सलाम करते हैं, हम आतंकवाद के खिलाफ सरकार के साथ खड़े हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, महासचिव केसी वेणुगोपाल और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता मौजूदा सुरक्षा स्थिति पर चर्चा के लिए पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की अनौपचारिक आपातकालीन बैठक में शामिल हुए।

## पाक सेना की गोलीबारी में पुंछ में 15 नागरिकों की मौत, कई घायल

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास पाकिस्तानी सेना ने रातभर दर्जनों अग्रिम गांवों पर गोलाबारी की, जिसमें एक महिला और दो बच्चों समेत 15 लोगों की मौत हो गई और करीब 43 लोग घायल हो गए हैं। सभी 15 मौतें पुंछ में हुई हैं, गोलीबारी में सबसे ज्यादा प्रभावित पुंछ ही हुआ है। पाकिस्तानी सेना ने पुंछ, राजौरी और उरी में गोलीबारी की है। गोलीबारी में घरों को भी नुकसान पहुंचा है। कई वाहन जल गए हैं। पाकिस्तानी सेना ने उत्तरी कश्मीर के तंगधार में नियंत्रण रेखा के पास आम कश्मीरी नागरिकों को निशाना बनाया है। तोपखाने की गोलाबारी में एक कश्मीरी नागरिक का पूरा घर जलकर खाक हो गया।

रक्षा सूत्रों ने बुधवार को बताया कि पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों पर भारत द्वारा मिसाइल हमले किए जाने के बाद पाकिस्तानी सेना ने संघर्ष विराम का उल्लंघन किया। इस पर भारतीय सेना भी जवाबी कार्रवाई की है।

सूत्रों ने बताया कि छह और सात मई की रात में पाकिस्तानी सेना ने नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर चौकियों से जम्मू-कश्मीर के कई इलाकों में भारी गोलीबारी की है। तंगधार में नियंत्रण रेखा के पास मनमाने तरीके से गोलीबारी की। पाकिस्तान की ओर से पुंछ में की गई अंधाधुंध गोलीबारी में दस नागरिकों की जान चली गई। जबकि 50 से अधिक घायल हो गए हैं।

## केवल उन्हीं को मारा जिन्होंने हमारे मासूमों को मारा : राजनाथ

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में बुधवार रात की गई एयर स्ट्राइक में कई आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया। सेना की इस कार्रवाई को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि, सेना ने हमारा मस्तक उंचा किया है। भारतीय सशस्त्र बलों ने सटीकता, सतर्कता और संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई की। हमने जो लक्ष्य तय किए थे, उन्हें सही समय पर सटीकता के साथ ध्वस्त किया।

6 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों में 50 बीआरओ (सीमा सड़क संगठन) बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के उद्घाटन के अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि जैसा कि आप सबको जानकारी है कि कल रात भारतीय सेनाओं ने अपने शौर्य एवं पराक्रम का परिचय देते हुए एक नया इतिहास लिख दिया है। भारत की सेना ने सटीकता, सतर्कता और संवेदनशीलता के साथ करवाई की है। हमने जो लक्ष्य तय किये थे, उन्हें ठीक तय योजना के अनुसार सटीकता से ध्वस्त किया है। किसी भी नागरिक ठिकाने नागरिक जनसंख्या को जरा भी प्रभावित न होने की संवेदनशीलता दिखाई है। यानि एक तरीके की सटीकता, सतर्कता और मानवता सेना ने दिखाई है। जिसके लिए मैं हमारे सेना के जवानों और अधिकारियों को पूरे देश की ओर से साधुवाद देता हूं।



सेना को संपूर्ण सम्बल प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को भी साधुवाद देता हूं। हमने हनुमान जी के उस आदर्श का पालन किया है, जो उन्होंने अशोक वाटिका उजाड़ते समय किया था ''जिन मोहि मारा, तिन मोहि मारे''अर्थात केवल उन्हीं को मारा जिन्होंने हमारे मासूमों को मारा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हमारी सेनाओं ने, 'ऑपरेशन सिंदूर' लॉन्च करके, पहले की तरह ही, इस बार भी, आतंकियों को ट्रेनिंग देने वाले कैंपों को तबाह करके करारा जवाब दिया है। भारत ने हमलों के जवाब में अपना राइट टू रिस्पॉन्स का इस्तेमाल किया है।

रक्षा मंत्री ने कहा कि,हमारी यह कार्रवाई, बेहद सोच-समझकर, सधे हुए तरीके से की गई हैह्र आतंकियों के हौंसले पस्त करने के उद्देश्य से, यह कार्रवाई, महज उनके कैंपो और अन्य संरचनाओं तक ही सीमित रखी गई हैह्र मैं पुन:, हमारी सशस्त्र बलों के शौर्य को नमन करता हूं।

उन्होंने कहा, आज जम्मू कश्मीर, डूब क्षेत्र, मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल और राजस्थान में कई परियोजनाओं का उद्घाटन हुआ है। देखने में तो यह सभी भौतिक अवसंरचनाएं हैं, लेकिन मैं उदाहरण सिर्फ भौतिक अवसंरचना ही नहीं छोड़ता। हमें जो तारें दिखती हैं, जो पुलदिखाई देते हैं, वो सिर्फ दो जगहों को जोड़ने वाले नहीं होते हैं, बल्कि वो लोगों के तारों को जोड़ने वाले होते हैं। इन परियोजनाओं से, राष्ट्रीय सुरक्षा को तो सूचीबद्ध किया जाता है, साथ ही यह परियोजनाओं को, सभी क्षेत्रों में, आर्थिक समृद्धि को भी बढ़ावा दिया जाता है।

# उपनिरीक्षक के तबादलों से नाराज हुए आईजी ने एसपी को लिखा पत्र

## अब तबादला के लिए कराना होगा अनुमोदन

सिंगरौली

जिले के आधा दर्जन चौकी प्रभारी व उप निरीक्षको के तबादला को लेकर आईजी नाराज है, उन्होंने एसपी को पत्र लिखकर स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सहायक उप निरीक्षक चौकी प्रभारी सहित उप निरीक्षक एवं निरीक्षक स्तर के कोई भी स्थानांतरण बिना मेरे लिखित अनुमोदन कि नहीं किए जाएंगे। इस पत्र के बाद चर्चा है कि प्रभारी मंत्री संपत्तियां उइके नहीं विजय सिंगरौली जिले को चला रहे हैं। इन तबादलों से सांसद, विधायक नाराज हैं। गौरतलब है कि पुलिस विभाग में हुए तबादलें विवादों में नजर आ रहा। पिछले दिनों पुलिस अधीक्षक कार्यालय से निगरी, गोरबी, सासन, बरका व पुलिस चौकी प्रभारियों समेत आधा दर्जन उप निरीक्षकों का अस्थाई रूप से तबादला किया गया था। तबादला करने का मुख्य वजह प्रशासनिक दृष्टिकोण से बताया गया। लेकिन



इस दौरान जिन चौकी प्रभारियों को इधर से उधर किया गया, चौकियों में उनका कार्यकाल अल्प समय का था। अचानक चौकी प्रभारियों का तबादला करने का मामला जब सामने आया तो सत्ताधारी नेता भी हैरान हो गए। हालांकि सत्तादल विधायक होने के नाते मीडिया के सामने खुलकर नही बोल रहे हैं, लेकिन विधायक के साथ-साथ सांसद एवं पंचायत राज्य मंत्री भी गोरबी चौकी में फेरबदल से काफी नाराज हैं।

पुलिस सूत्रों का दावा है कि जिले में कई पुलिसकर्मी है जो एक ही थाने में 5 से 7 सालों से जमे हुए हैं। यह पुलिसकर्मी चुनावी साल में या फिर एक-दो महीने के लिए दूसरे थानों में तैनात जरूर होते हैं लेकिन अपने सेटिंग से वह अपने चहेते थानों में पहुंच जाते हैं। कई पुलिसकर्मी अवैध कमाई कर लग्जरी गाड़ियों से थाने पहुंचते हैं। और उनका रुतबा थाना प्रभारी से कम बिल्कुल नहीं रहता। ऐसे पुलिसकर्मियों पर विभाग के अधिकारी भी मेहरबानी दिखाते हैं।

### एक दशक से विजय का दखल सिंगरौली में

चौकी प्रभारी के तबादला के बाद विजय सुर्खियों में है। सत्ताधारी नेताओं ने अपने नाम न छापने के शर्त पर कहा कि सिंगरौली की प्रभारी मंत्री भले संपत्ति उइके हैं लेकिन चलता विजय का ही है। विजय जैसा चाहते हैं अधिकारी उन्हें के हिसाब से काम करते हैं। विजय कोई आज पावर में नहीं आया है बल्कि दूसरे प्रभारी मंत्रियों के दौरान भी विजय का दखल सिंगरौली में रहा है। इन तबादलों के बाद विजय भाजपा नेताओं के निशाने पर आ गए हैं। जिसकी शिकायत भाजपा आलाकमान से भी करने की बात की जा रही है।

### फिर तबादला उद्योग चर्चाओं में

जिले में तबादला उद्योग चलाने के आरोप पूर्व में कई बार लगे हैं। यहां थाना और चौकियों की बोली लगने की चर्चा अक्सर होती रही है। हाल में हुए तबादलों को भी तबादला उद्योग से जोड़ा जा रहा है। चर्चा है कि जयंत, गोरवी,सासन, खुटार, निवास, बधौरा और निगरी चौकी प्रभारी बनने के लिए मारामारी मची हुई है। सूत्रों का दावा है कि चौकियों में तैनाती पाने के लिए विजय सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। हो भी क्यों ना एक दशक का अनुभव जो है।

# एनसीएल ने टीबी उन्मूलन की दिशा में निक्षय पत्र कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**सिंगरौली।** सिंगरौली स्थित भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफ़ील्डस लिमिटेड (एनसीएल) ने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) एवं राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत टीबी उन्मूलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए %निक्षय पत्र% कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य टीबी रोगियों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने हेतु उन्हें उचित पोषण एवं वित्तीय सहायता प्रदान करना है।

एनसीएल की निक्षय पत्र पहल के तहत सिंगरौली परिक्षेत्र में 6 माह की अवधि तक टीबी रोगियों को फूड बास्केट का वितरण किया जाएगा जिसमें पौष्टिक आहार जैसे मूँगफली, चना, आटा, दाल और तेल जैसी सामग्री शामिल है। कार्यक्रम के पहले दिन ही 100 लोगों को फूड बास्केट का वितरण किया गया। गत मंगलवार को आयोजित शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान माननीय विधायक रामनिवास



शाह, जिला कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला, स्थानीय जन प्रतिनिधि, सीएमएचओ डॉ. एनके जैन, जिला क्षय अधिकारी, डॉ. विशेष सिंह और सीएमएस, एनसीएल, डॉ. विवेक खरे, डॉ. डीजे बोरा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि सिंगरौली परिक्षेत्र को टीबी मुक्त बनाने के उद्देश्य से एनसीएल ने 5 फरवरी, 2024 को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, भोपाल के साथ एमओयू किया था। इस एमओयू के अंतर्गत एनसीएल ने सीएसआर मद से 4.63 करोड़ रुपये खर्च कर सिंगरौली में टीबी रोग के त्वरित निदान के लिए सीबीएनएएटी एनएएटी मशीन स्थापित की है। साथ ही, दूरस्थ ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) भी संचालित की जा रही है।

# धरौली कला में स्थित मधुमक्खी पालन केन्द्र का एनसीएल सहायक प्रबंधक ने किया निरीक्षण



**सिंगरौली।** एनसीएल के सहायक प्रबंधक कृष्ण मोहन यादव ने धरौली कला ग्राम में स्थित मधुमक्खी पालन केन्द्र का निरीक्षण कर केन्द्र में संचालित होने वाली गतिविधियों के संबंध में जानकारी ली। मधुमंक्खी पालन का कार्य स्थानीय स्व-सहायता समूहों के सहयोग से संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाना है।

निरीक्षण के दौरान प्रबंधक एनसीएल ने समूह के सदस्यों से संवाद किया और मधुमक्खी पालन की तकनीकी प्रक्रियाओं, शहद उत्पादन एवं विपणन के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने समूह के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया।समूह के सदस्यों ने बताया कि इस पहल से उन्हें न केवल आर्थिक लाभ मिल रहा है, बल्कि वे पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान दे रहे हैं। एनसीएल द्वारा चलाए जा रहे सीएसआर कार्यक्रमों के अंतर्गत ऐसे प्रयास ग्रामीण विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

# पूर्व जनपद अध्यक्ष भैयालाल सिंह नही रहे

**सिंगरौली।** जनपद पंचायत चितरंगी के पूर्व जनपद अध्यक्ष एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य तथा कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता भैयालाल सिंह गोड़ निवासी बैरदह उम्र 72 वर्ष का बीती रात दुखद निधन हो गया। जानकारी के अनुसार पूर्व जनपद अध्यक्ष एवं कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता भैयालाल सिंह कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। जहां बीते दिन रविवार की देर शाम शहडोल के हॉस्पिटल में उपचार के दौरान निधन हो गया। वे काफी दिनों से में दुखद निधन हो गया है। भैयालाल के दुखद निधन पर पूर्व विधायक सरस्वती सिंह, पूर्व विधायक अमर सिंह, भाजपा के वरिष्ठ नेता गुरू शीतला धर द्विवेदी, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष संकठा सिंह, जनपद सदस्य अरूण धर ज्ञानी, कांग्रेसी नेता विपुल धर समेत अन्य नेताओं ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

# खनुआ खास नदी मे किया गया बोरी बंधान



सिंगरौली

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रदेश भर में 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में ग्राम खनुआ खास मे मप्र जन अभियान परिषद की प्रश्फूटन समिति खनुआ खास द्वारा खनुआ नदी मे बोरी बंधान किया गया। सर्वप्रथम उपस्थित जन को जल शपथ दिलाई गई। साथ ही जल संरक्षण एवं जल के महत्व को बताया गया। ग्राम पंचायत अंतर्गत जल संरक्षण हेतु बोरी बंधान, खेत तालाब निर्माण, रूफ वाटर हार्वेस्टिंग, कूप में सोक पिट रिचार्ज निर्माण आदि के बारे में चर्चा करते हुए अधिक से अधिक जल संरक्षण गतिविधियों हेतु प्रेरित किया गया। इसके बाद हर्षोल्लासपूर्ण तरीके से उपस्थित महिलाएं, पुरूष, एवं ग्रामीणजनों के द्वारा झरिया नाला एवं दराहिया नाला पर बोरी बंधान का कार्य किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम के वरिष्ठ जन, सरपंच, सचिव, अन्य समितियों के सदस्य एवं ग्रामीणजन उपस्थित हुए।

# भाजपा मंडल महामंत्री जेपी शाह ने टॉपर प्रज्ञा जायसवाल को दी बधाई

**सिंगरौली।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल कक्षा दसवीं में मध्य प्रदेश में प्रथम स्थान अर्जित करने वाली छात्रा प्रज्ञा जायसवाल निवास को रघुवीर इंस्टिट्यूट कॉलेज बैढ़न के संचालक व भाजपा मंडल महामंत्री जेपी शाह के द्वारा सिंगरौली जिले की बेटी प्रज्ञा जायसवाल ने कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा में मध्य प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल की है। कक्षा 10 में 500 में से 500 नंबर लाने पर जिले के साथ-साथ प्रदेश को भी गौरवान्वित किया है। जिला मुख्यालय बैढ़न मैं संचालित रघुवीर इंस्टीट्यूट के संचालक और भाजपा मंडल बैढ़न के महामंत्री जेपी शाह के द्वारा छात्र प्रज्ञा जायसवाल और परिजनों के साथ-साथ ग्लोरियस स्कूल के संचालक को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

# सड़क हादसे में एनसीएल कर्मी की मौत, जयंत बस पड़ाव के समीप हुआ हादसा

सिंगरौली

एनसीएल परियोजना जयंत में चालक के पद पर पदस्थ एक एनसीएल कर्मी की बीती रात जयंत बस पड़ाव के समीप सड़क हादसे में मौत हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक एनसीएल परियोजना जयंत में पदस्थ एनसीएल कर्मी संतोष कुमार दुबे उम्र 55 वर्ष पिता विष्णुकांत दुबे निवासी हर्रई बीती रात ड्यूटी कर रात करीब 11:30 बजे वापस अपने रूम जयंत मोटरसाइकिल बुलेट में सवार होकर जा रहे थे कि बस पड़ाव के पास सड़क हादसे का शिकार हो गये। जहां उनका दुखद निधन हो गया। हादसा कैसे हुआ स्पष्ट नही हो पाया है। बताया जा रहा है कि घायल होने पर उपचार के लिए पुलिस जयंत के द्वारा जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर बैढ़न रवाना किया गया। जहां चिकित्सको ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। चर्चा यह भी है कि रात के समय अज्ञात मैजिक वाहन के चालक ने पीछे से टक्कर मारकर घायल कर फरार हो गया है। हालांकि इसकी पुष्टि पुलिस के द्वारा नही की गई है। लेकिन जयंत पुलिस उक्त घटना की जांच कर रही है।

# परम्परिक खेती की जगह जैविक खेती अपनाने से बदली किसान की किस्मत

सिंगरौली

परम्परिक खेती की जगह जैविक खेती अपनाने पर किसान परमानंद शाह ग्राम ओरगाइ विकासखंड बैढन किस्मत बदल गई । ओरगाई निवासी किसान परमानंद शाह ने बताया कि पहले परंपरागत खेती खेती करता था। उद्यानिकी अधिकारियों के मार्गदर्शन में उद्यानिकी विभाग की प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना से ड्रिप प्राप्त किया एवं संरक्षित खेती योजना से मलचिंग प्राप्त किया जब ड्रिप एवं मलचिंग तकनीक से खेती कर रहा हूं मेरी आय दोगुनी हो गई है आज मैं टमाटर , तरबूज ,खरबूज , खीरा बैगन मिर्च की खेती कर रहा हु जिसमे मेरी लागत लगभग 2 लाख तक आती जिसमे साल भर में लगभग 12.00 लाख तक आय हो जाती है ।

# किसान के खेत में नवीन खेत तालाब निर्माण का हुआ भूमिपूजन

**सिंगरौली।** जिला प्रशासन एवं म प्र जन अभियान परिषद सिंगरौली के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत धनहरा में राममिलन शाह के भूमि पर, खेत तलब का निर्माण का विधिवत भूमि पूजन किया गया। तत्पश्चात श्रमदान,जल संरक्षण हेतु शपथ, जन जागरुकता रैली गोष्ठी एवं चौपाल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच वीरेंद्र कुमार जायसवाल, पीसीओ जनपद पंचायत बैढ़न अमरजीत प्रसाद, ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक सचिव भूपेन्द्र प्रसाद जायसवाल,



नवांकुर संस्था पिछड़ा वर्ग विश्वकर्मा समाज कल्याण संगठन समिति से कार्यक्रम समन्वयक जग प्रसाद विश्वकर्मा, गांव के वरिष्ठ जन कमलेश प्रसाद जायसवाल, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष तुलामन जायसवाल, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रभावती पनिका, सविता, रीता, मीराबाई, सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# चौकी प्रभारी विनय शुक्ला का विदाई समारोह एवं नवागत चौकी प्रभारी ने संभाला पदभार



**सिंगरौली।** सरई थाना क्षेत्र पुलिस चौकी निगरी में पदस्थ चौकी प्रभारी विनय शुक्ला का स्थानांतरण देवसर जियावन थाना के लिए रवाना होते समय उनके सहयोगियों और स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विदाई समारोह में उन्हें सम्मान और प्रशंसा के साथ विदाई दी गई।

विदाई समारोह में शामिल हुए लोगों ने चौकी प्रभारी के योगदान और उनके अच्छे व्यवहार की सराहना की। उन्होंने उनके साथ बिताए समय को याद किया और भविष्य के लिए उन्हें शुभकामनाएं दीं। वहीं नवागत चौकी प्रभारी निगरी भीपेन्द पाठक का पदभार संभालने पर स्थानीय जनों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वगत किया। और आशा ही नहीं उम्मीद भी लोगों ने जताई की एक अच्छे इमानदार चौकी प्रभारी निगरी वासीयों को मिले हैं जो अपने कर्तव्य का निष्ठापूर्वक लगन मेहनत और ईमानदारी से काम करते हैं। ऐसे इमानदार चौकी प्रभारी को ढेर सारी बधाइयां एवं शुभकामनाएं दी।

# कलेक्टर ने की पीएम विश्वकर्मा योजना की समीक्षा

## योजना अंतर्गत चिन्हित पात्र हितग्राहियों को योजना के लाभ से कराएं लाभान्वित

**सिंगरौली।** कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला के द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में पीएम विश्वकर्मा योजना की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि यह योजना पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को शुरू से अंत तक सहायता प्रदान करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है. इस योजना के तहत, कारीगरों को कौशल विकास, ऋण सुविधा, उपकरण और बाजार सहायता जैसे लाभ मिलते हैं।

कलेक्टर ने प्रशिक्षण केन्द्रो की जानकारी लेने के पश्चात निर्देश दिए कि योजना अंतर्गत पंजीकृत पात्र हितग्राहियों को उनके योजना के लाभ से



लाभान्वित करायें। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले में पीएम विश्वकर्मा योजना अंतर्गत प्रशिक्षण केन्द्रो की संख्या में वृद्धि कर अधिक से अधिक हितग्राहियों को प्रशिक्षण दिया जाना सुनिश्चित करे। उन्होंने निर्देश दिए कि चिन्हित हितग्राहियों को प्रशिक्षण दिलाएं तथा योजना का लाभ प्राथमिकता के आधार पर दिलाएं। उन्होने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि हितग्राहियों को उच्च स्तर का कौशल प्रशिक्षण मिले और उनमें अच्छे मार्केटिंग स्कील का विकास करायें। साथ ही निर्देश दिए कि योजना के तहत बैंको के माध्यम से मिलने वाला ऋण हितग्राहियें को सुगमता से मिल सके इसकी भी मानीटरिंग किया जाये। कलेक्टर कहा कि योजना अंतर्गत परंपरागत रूप से काम करने वाले 18 तरह के कारीगर इस योजना का फायदा उठा सकते हैं। इनमें बढ़ई, नाव बनाने वाले, लोहार, अस्त्रकार, ताला साज, सोनार, कुम्हार, मूर्तिकार, चर्मकार, राजमिस्त्री, चटाई-झाड़ू बनाने वाले, खिलौने बनाने वाले, मालाकार, धोबी, दर्जी, मछली के जाल बनाने वाले कारीगर एवं शिल्पकार शामिल हैं उन्होंने कहा प्राथमिकता के आधार पर संबंधितो को लाभान्वित कराए। उन्होंने सिंगरौली जिलें अंतर्गत स्थानीय स्तर प्रचलित उत्पादो से जुड़े कारीगरों को चिन्हित कर उन्हे योजना के लाभ से लाभान्वित कराएं। बैठक के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश, डिप्टी कलेक्टर देवेन्द्र द्विवेदी, जीएम डीआईसी नवीन कुशवाहा, एजीएम डीआईसी प्रशांन्त पाण्डेय, जिला समन्वयक पीएम विश्वकर्मा योजना इशू सिंह उपस्थित रहे।

# बोर्ड परीक्षा में प्रदेश की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को कलेक्टर ने सम्मानित किया



**सीधी।** कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा 2025 में प्रदेश की मेरिट में स्थान पाने वाले बच्चों को बधाई देते हुये उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं। हाई स्कूल में 09 विद्यार्थी कु. मानसी साहू, श्री अभिमान द्विवेदी, श्री उज्वल पाण्डेय, श्री आशिम रंजन मिश्रा, कु. समीक्षा पाण्डेय, श्री अभिषेक कुमार द्विवेदी, श्री सुयश तिवारी, श्री आदित्य पाण्डेय, श्री प्रग्यांस उपाध्याय एवं हायर सेकेण्डरी में 05 विद्यार्थी श्री दिव्यांशु तिवारी, श्री अभय सिंह, श्री प्रिन्स गुप्ता, कु. रिया गुप्ता, श्री अंश तिवारी कुल 14 (चौदह) विद्यार्थी प्रदेश की मेरिट में स्थान प्राप्त किये है। कलेक्टर द्वारा विद्यार्थियों को अपने विचार एवं सफलता का रहस्य बताने को कहा गया। विद्यार्थियों से चर्चा के दौरान संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं के बारे में चर्चा हुई।

कलेक्टर ने बताया कि आप की समस्या का समाधान आपके ही पास है, अभ्यास अच्छे से करिये, बार-बार का अभ्यास करने से अवश्य ही सफलता मिलेगी। कठिन परिश्रम का कोई विकल्प नहीं होता है। क्या पढ़ना है यह तो आवश्यक है, परन्तु इससे ज्यादा महत्वपूर्ण है कि क्या नहीं पढ़ना है, प्रतियोगी परीक्षाओं में यह आवश्यक होता है। लिखने का अभ्यास अधिक से अधिक करना चाहिये, लक्ष्य निर्धारित करिए और उसी पर ध्यान दीजिए। छात्र दिव्यांश तिवारी ने प्रतियोगी परीक्षाओं में साक्षात्कार के दबाव को झेलने की बात की जिसके उत्तर में कलेक्टर ने बताया कि कोई दबाव नहीं लेना है, सामान्य बने रहना है, उत्तर यदि नहीं बनता है तो उसे स्वीकार कर लेना चाहिए, इधर-उधर के उत्तर से कमी स्वीकार करना बेहतर होता है।

सम्मान समारोह में मेधावी छात्रों को प्रशस्ति पत्र एवं पुस्तक भेट की गई। कार्यक्रम में श्री विजय सिंह, श्री राकेश सिंह, श्री रामकृष्ण तिवारी जिला प्रौढ शिक्षा अधिकारी, एडीपीसी श्री प्रवीण शुक्ला, श्री विजय सिंह उत्कृष्ट विद्यालय, एपीसी रमसा डॉ सुजीत कुमार मिश्र, जिला शिक्षा केन्द्र से श्री विष्णु पाण्डेय, पथरौला से शैलेन्द्र सिंह, श्री पुष्पराज सिंह, श्री बालेन्दु शेखर दुबे, परीक्षा कक्ष से लालबहादुर सिंह, मेधावी विद्यार्थियों के माता-पिता, विद्यालयों के प्राचार्य एवं शिक्षक आदि उपस्थित रहे।

## सांदीपनि विद्यालय का अव्वल रहा परीक्षा परिणाम



**सीधी।** शासकीय सांदीपनि कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीधी का परीक्षा परिणाम अव्वल रहा। प्राचार्य सुभाषचन्द पटेल ने जानकारी देकर बताया कि इस वर्ष का परीक्षा परिणाम अबतक का सर्वश्रेष्ठ रहा है कक्षा 10 में दर्ज संख्या 127 में 126 उत्तीर्ण 99प्र प्रतिशत रहा वही कक्षा 12 वी दर्ज 227 में 216 उत्तीर्ण 94प्र प्रतिशत रहा। हाई स्कूल में प्रथम रही दीक्षा द्विवेदी 479/500 अंक हासिल की। हायरसेकंडरी में सादिया बानो 473/500 अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया है, प्राचार्य ने इस उपलब्धि पर पूरे स्टाफ को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया है जो कि सभी शिक्षकों की कड़ी मेहनत और लगन का नतीजा है।

# वैल्यू चेन पार्टनर के चयन हेतु आवेदन आमंत्रित, आवेदन की अंतिम तिथि 10 मई

**सीधी।** उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास जिला सीधी ने जानकारी देकर बताया है कि भारत सरकार द्वारा जारी नेशनल मिशन ऑन इडीवल ऑयल आयल सीड योजना के दिशानिर्देश अनुसार क्रियान्वयन समिति (डीईसी) के द्वारा योजनांतर्गत गठित क्लस्टर में कृषकों का चिन्हांकन कर योजना प्रावधान अनुसार कार्य के लिए वेल्यू चेन पार्टनर (व्हीसीपी) का चयन किया जाना है। कृषक उत्पादक संगठनों (सहकारी /एफपीओ/ कापरेटिव्स) एवं सार्वजनिक व निजी निगम (पब्लिक आर प्राइवेट कार्पोरेशन) जो तिलहनी फसलों के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं वेल्यू चेन पार्टनर (व्हीसीपी) के लिये पात्र होंगे। जिले के कृषक उत्पादक संगठनों (सहकारी/ एफपीओ/ कापरेटिव्स) को व्हीसीपी में चयन हेतु वरीयता दी जायेगी। केन्द्र प्रवर्तित 10000 एफपीओ स्कीम में गठित कृषक उत्पादक संगठनों को वरीयता दी जायेगी।

एफपीओ/कापरेटिव के चयन के लिए पात्रता मापदण्ड है- पंजीयन कंपनी एक्ट अथवा कॉपरेटिव के अंतर्गत होना चाहिए, जिले में कम से कम 3 वर्षों का कार्य अनुभव होना चाहिए, कम से कम 200 कृषक एफपीओ या सहकारी समिति में पंजीकृत होना चाहिए, विगत 3 वर्षों का औसत वार्षिक टर्नओवर 9 लाख से अधिक होना चाहिए, एफपीओ में किसान द्वारा कम से कम 3 लाख रू की इक्विटी होनी चाहिए। सरकार द्वारा इक्विटी प्राप्तकर्ता को वरीयता दी जायेगी।

पब्लिक आर प्राइवेट कॉर्पोरेशन्स के चयन के लिए पात्रता मापदण्ड है - व्हीसीपी के चयन हेतु बीज, खाद्य तेल एवं उर्वरक क्षेत्र में कार्यरत केन्द्र या राज्य के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम और साल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडया, सोयाबीन प्रोसेसर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया, इंडियन ऑफ इंडिया के साथ पंजीकृत निजी निगम पर विचार किया जावेगा, कम से कम 10 करोड़ का टर्नओवर होना चाहिए, विगत 3 वर्षों में कर में चूक (डिफाल्ट) नहीं होना चाहिए, विगत 5 वर्षों से बीजों, उर्वरकों एवं खाद्य तेल के उत्पादक के रूप में कार्य कर रहे हो।

उपरोक्तानुसार पात्रता मापदण्ड रखने वाले कृषक उत्पादक संगठनों (सहकारी/ एफपीओ /कापरेटिव्स) एवं सार्वजनिक व निजी निगम (पब्लिक आर प्राइवेट कार्पोरेशन्स) वेल्यू चेन पार्टनर (व्हीसीपी) के चयन हेतु कमरा नं. 53 कार्यालय उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास, कलेक्ट्रेट परिसर से आवेदन प्राप्त कर, मापदण्ड को प्रमाणित करने वाले अभिलेखों को संलग्न कर आवेदन दिनांक 10 मई 2025 तक कार्यालय में प्रस्तुत करें।

# समीक्षा ने प्रदेश की मैरिट सूची में 9वां स्थान अर्जित कर जिले का मान बढ़ाया



**सीधी।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा आयोजित हाई स्कूल परीक्षा 2025 में कुमारी समीक्षा पाण्डेय पिता श्री हरि प्रसाद पाण्डेय निवासी ग्राम पड़खुरी 587 विकासखण्ड रामपुर नैकिन जिला सीधी के पुस्तैनी निवासी हैं। हाल मुकाम करौंदिया उत्तर टोला है। कुारी समीक्षा पाण्डेय ने कक्षा 10 वी में पूर्णांक 500 में 492 अंक प्राप्त कर प्रदेश की मैरिट सूची में 9वाँ स्थान प्राप्त कर जिले का मान बढ़ाया है। ज्ञात हो कि इनकी बड़ी बहन कुमारी साक्षी पाण्डेय का हाल ही में इंडियन आर्मी में लेफ्टिनेंट पद चयनित होकर देश की सेवा कर रही हैं। इन्हीं से प्रेरणा लेकर समीक्षा ने अपने परीक्षा अत्यधिक रूचि दिखाई। इनकी माता श्रीमती अमृता पाण्डेय शासकीय शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं। एवं चाचा श्री विष्णुदत्त पाण्डेय एवं चाची श्रीमती शालिनी पाण्डेय उच्च माध्यमिक पद पर कार्यरत हैं एवं इनकी दादी भी शासकीय शिक्षक हैं, जो इन्हें पढ़ाई में अत्यधिक सहयोग कर इनका मार्गदर्शन करती रहती हैं। समीक्षा ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता, दादी, चाचा-चाची गुरूजनों एवं अपने सहयोगी मित्रों को दिया है। समीक्षा वर्तमान में कोटा में रहकर नीट की तैयारी कर रही हैं। भविष्य में इनकी इच्छा डॉक्टर बनकर देश एवं समाज

# वुशू चौंपियनशिप में सीधी के खिलाड़ियों ने मारी बाजी, 10 गोल्ड मैडल के साथ कुल 28 मैडल जीते

## पुलिस अधीक्षक ने एमपी स्टेट वुशू चौंपियनशिप के विजेताओं का सम्मान कर किया उत्साह वर्धन

**सीधी।** पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र वर्मा (नियंत्रण कर्ता अधिकारी जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग सीधी) एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अरविन्द श्रीवास्तव (जिला अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण विभाग सीधी) के मार्गदर्शन तथा कोच मानिंद शेर अली खान के नेतृत्व में इंडोर हाल डीएसबाईडब्लू रानीताल जबलपुर में आयोजित 24 वें एमपी स्टेट वुशू चौंपियनशिप 2025-26 में जिला सीधी के प्रतिभागियों ने 10 गोल्ड मैडल के साथ कुल 28 मैडल जीते है।

उक्त प्रतियोगिता दिनांक 02-03 मई 2025 को जबलपुर में आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में वूशु एसोसियेशन ऑफ एमपी के नए अध्यक्ष ए.डी.जी.पी./एस.सी.आर.बी.अ ई.पी.एस. श्री जयदीप प्रसाद की उपस्थित में सीधी के वूशु खिलाड़ियों को तीसरी ट्राफी देते हुए बधाई दी गई। जिसमें जिला सीधी का प्रतिनिधित्व करते हुए सीधी जिले के 28 प्रतिभागियों को रवाना किया गया था। जिसमे 26 प्रतिभागियों ने जिले का गौरव बढ़ाते हुए 28 मैडल जीते। मेडल विजेताओं का



पुलिस अधीक्षक सीधी तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीधी ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय मे सम्मान कर सभी के उज्वल भविष्य की कामना की। टीम से जुडे सभी खिलाड़ियों को बधाई दी व उनके कोच का उत्साहवर्धन किया।

खिलाड़ियों ने जिले का गौरव बढ़ाते हुए 10 गोल्ड मैडल,15 सिल्वर मैडल एवं 04 ब्रांज मैडल कुल 29 मैडल जीते हैं। गोल्ड मैडल विजेता अवनि मिश्रा, छवि पाण्डेय, प्रगति कुशवाहा, अयांश जायसवाल, युग सिंह, आयुष वर्मा, शालिनी यादव, पवन यादव, अंकित सेन एवं अनिशा यादव खिलाड़ी सम्मलित है। इसी प्रकार सिल्वर मैडल विजेता जीविका शांडिल्य, तनय शांडिल्य, देवांश प्रताप सिंह, रणवीर सिंह, अलबिया खान (2 मैडल), सूर्यांश त्रिपाठी, ओम सोंधिया, वैभव सिंह परिहार, अर्पित सिंह सिकरवार, अभी सिंह, सिद्धार्थ सिंह (2 मेडल), बाल कुमार लोनीया, शिवम् कुशवाहा खिलाड़ी सम्मलित है। साथ ही ब्रांज मैडल विजेता अविष्का सिंह, रिया गुप्ता, पियूष प्रताप सिंह एवं रणवीर सिंह खिलाड़ी सम्मलित है।

सीधी पुलिस के सामुदायिक भवन में वुशू खिलाडियों को प्रशिक्षित किया जाता है। प्रशिक्षण के दौरान समय-समय पर पुलिस अधीक्षक सीधी तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीधी द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिए जाते हैं। जिसके फलत: जिला सीधी के खिलाड़ी आज अपने माता-पिता के साथ जिले एवं प्रदेश का नाम रौशन कर रहे हैं।

# बाल कलाकारों को मिलना चाहिए बड़ा मंचः डॉ रंजना

## बाल नाट्य कार्यशाला के प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुति से मोहा अतिथियों का मन

**सीधी।** लीनेस क्लब कामाख्या एवं इन्द्रवती नाट्य समिति के संयुक्त तत्वावधान में सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करौंदिया में 25 दिवसीय नि:शुल्क प्रस्तुति परक बाल नाट्य कार्यशाला का आयोजन किया गया जो 11 अप्रैल से 05 मई 2025 तक चला इस दौरान युद्धकला, अभिनय एवं आशु अभिनय,लोकसंगीत, अहिराई लाठी नृत्य, आवाज़ एवं संभाषण, रस एवं भाव के साथ-साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु विभिन्न प्रकार के खेल



व अभ्यास कराया गया।कार्यशाला में बतौर प्रशिक्षक रोशनी प्रसाद मिश्र, नीरज कुंदेर,प्रजीत कुमार साकेत, रजनीश कुमार जायसवाल और मानिंद शेर अली खान ने उत्कृष्ट प्रशिक्षण दिया, कार्यशाला यह कार्यशाला नीरज कुंदेर के निर्देशन में सम्पन्न हुई।रोशनी प्रसाद मिश्र द्वारा प्रकृति पर आधारित कविता कोलाज बुरा मान जायेंगे की प्रस्तुति तैयार की गई और प्रजीत साकेत के संयोजन में बघेली संस्कार गीत एवं लोकगीत की तैयारी कराई गई। बाल कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुति से अतिथियों, दर्शकों एवं श्रोताओं का मन मोह लिया। सरस्वती विद्यालय के बाल कलाकारों ने अपना हुनर दिखाकर यह साबित कर दिया कि हम बेहतर कलाकार हैं। सर्वप्रथम सरस्वती विद्यालय की व्यवस्थापिका डॉ . रंजना शुक्ला,प्राचार्य सपना पाण्डेय और लीनेस क्लब कामाख्या की सदस्य मीनाक्षी द्विवेदी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत किया तदुपरांत बघेली संस्कार एवं लोकगीत की प्रस्तुति हुई उसके बाद कविता कोलाज बुरा मान जायेंगे की अद्भुत प्रस्तुति हुई जिसने दर्शकों के रोमटें खड़े कर दिए। मंच पर प्रस्तुति देने वाले कलाकारों में अनुष्का शुक्ला, भाग्यश्री शर्मा ,अंशिका शुक्ला, आर्यम्बा विश्वकर्मा, मौसमी गुप्ता, सुलोचना वर्मा, किरण पाठक, सौरभ पाठक,आर्यन उपाध्याय, प्रद्युम्न तिवारी, विराट पाण्डेय शामिल रहे।

# बहुद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समिति के पुनर्गठन की आम सूचना जारी

**सीधी।** उप पंजीयक सहकारी समितियां जिला सीधी दीप्ति बनवासी ने बहुद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों के सदस्यों, ऋण दाताओं/ अमानतदारों /कर्मचारियों को सूचित किया है कि मध्यप्रदेश सहकारी सोसाइटी अधिनियम 1960 की धारा 16 के अन्तर्गत इन संस्थाओं के पुनर्गठन आदि में एतराज होने पर आप अपना हिस्सा/हित/बकाया राशि इस सूचना के मिलने के दिनांक से 30 दिन के अन्दर उठाने की सूचना अपनी-अपनी बहुद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों को देवें। आपके द्वारा निर्धारित अवधि में ऐसा न करने पर यह माना जायेगा कि आपको इस संबंध में कुछ नहीं कहना है तथा पुनर्गठन योजना आपको स्वीकार है।

पुनर्गठित होने वाली समिति बहुद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समिति मर्या. सहजी का पुनर्गठन बहुद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समिति मर्या. सोनवर्षा के रूप में पुनर्गठन किया जावेगा। इसी प्रकार बहुद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समिति मर्या. अमिलिया का पुनर्गठन बहुद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समिति मर्या. बघौड़ी के रूप में, बहुद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समिति मर्या. कमर्जी का पुनर्गठन बहुद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समिति मर्या. उकरहा के रूप में, बहुद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समिति मर्या. पटेहरा का पुनर्गठन बहुद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समिति मर्या. कुचवाही के रूप में एवं बहुद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समिति मर्या. गिजवार का पुनर्गठन बहुद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समिति मर्या. दादर के रूप में पुनर्गठन किया जावेगा।

# एकलव्य स्कूल हड़बड़ो का शत प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम

**सीधी।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा आयोजित 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित हो गया है जिसमें एकलव्य पब्लिक हायर सेकेंड्री स्कूल हड़बड़ो के छात्र-छात्राओं द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शत प्रतिशत परिणाम प्राप्त किया है एवं विद्यालय का नाम रोशन किया है। कक्षा 10वीं में अनमोल सिंह 97% प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम, दीक्षा चौबे 95% प्राप्त कर द्वितीय एवं रीना सेन 93% प्राप्त कर तृतीय स्थान में रही। इसी तरह कक्षा 12वीं में आकांक्षा पाण्डेय 91.40% प्राप्त कर प्रथम, सौरभ कुशवाहा 89.40% प्राप्त कर द्वितीय एवं आदित्य सिंह 88% प्राप्त कर तृतीय स्थान में रहें। इसके अलावा कक्षा 10वीं में 92%, काजल तिवारी 91.40%, अवनींद्र द्विवेदी 91%, अनुराग सिंह 90.60%, हर्षिता पाण्डेय 90%, शिखा रावत 90%, साक्षी सिंह 89.40%, अभिमन्यु सिंह 89.20%, शिवांग मिश्रा 89.20%, शालू मिश्रा 88.40%, शिवांगिनी सिंह 88.20%, नेहा शर्मा 88.20%, जायसवाल 87.80%, सत्यम द्विवेदी 87.20% आयुषी सिंह 87.20% शिवम केवट 87.20% शिव सिंह 86.40%, हरिप्रताप सिंह 85.60% इसी तरह कक्षा 12वीं में अंशिका सिंह 86.40%, अनामिका सिंह 84.40%, अंजली सिंह 83.60%, अंकुश तिवारी 83.60प्र, श्रेया सिंह 80.20प्र, विपिन मिश्रा 79.60प्र, दिव्या पाण्डेय 79.60%, कोमल सोनी 77.80%, कृष्ण कुमार यादव 76.60%, शिखर मिश्रा 76.20%, एवं आशी सिंह 75.60% अंक प्राप्त कर विद्यालय, अभिभावकों एवं जिले को गौरवान्वित किया है। इस कड़ी में विद्यालय के संचालक ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इस सत्र में कक्षा 10वीं में कुल 95 छात्र-छात्राएं थे जिनमें से 81 छात्रों ने प्रथम श्रेणी में एवं 14 छात्रों ने द्वितीय श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की एवं कक्षा 12वीं में कुल 52 छात्र छात्राओं में 45 छात्रों ने प्रथम एवं 07 छात्रों ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त किया है। इन छात्र-छात्राओं में से कक्षा 10 वीं में 40 छात्र-छात्राएं 75% से अधिक एवं कक्षा 12 वीं में 15 छात्रों ने 75% से अधिक अंक प्राप्त किया है एक भी छात्र-छात्राएं अनुत्तीर्ण अथवा पूरक नहीं हुए हैं। संचालक महोदय द्वारा कहा गया कि यह परिणाम शिक्षकों, छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों के सकारात्मक सहयोग से संभव हो पाया है और आगे भी छात्र छात्राओं को इसी तरह के कड़े परिश्रम और लगन के साथ भविष्य में अच्छा करने की प्रेरणा दी है। छात्र छात्राओं के इस उपलब्धि में विद्यालय के संचालक ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, नीतू सिंह, संरक्षक शीलध्वज सिंह, प्रबंधक विनोद सिंह, श्यामलाल शर्मा, प्राचार्य स्वेता सिंह, राजेंद्र द्विवेदी, वरिष्ठ शिक्षक मनीता सिंह, प्रीति शुक्ला, मनोज खरे, संजय पाण्डेय, अरविंद सिंह, सचिन सिंह, विदित सिंह, संध्या शुक्ला, सुनीता विश्वकर्मा, ज्योतिप्रभा द्विवेदी, करूणा मिश्रा, जयप्रकाश पाण्डेय, सोनू सिंह, शशिमा सिंह, माधव सिंह, रजनीश पांडे, अर्पिता सिंह, अनूप लखेरा, अंकिता सेन, संतोष यादव, सत्री बैगा, काजल केवट एवं समस्त विद्यालयीन परिवार एवं अभिभावकों द्वारा छात्र-छात्राओं को शुभकामनायें देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की हैं।

# विद्युत पेंशनर हित रक्षक संघ की बैठक संपन्न

**सीधी।** विद्युत पेंशनर हित रक्षक संघ शाखा सीधी की बैठक दिनांक आज दिनांक 7 मई को संपन्न हुई। बैठक के दौरान आठवें वेतनमान में पेंशनर को लाभ न दिए जाने का विरोध जताया गया छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा फेसलेस को 55प्र महंगाई भत्ता का आदेश जारी कर दिया गया परंतु मध्य प्रदेश सरकार आज दिनांक तक महंगाई भत्ते के लिए आदेश जारी नहीं किया इसी प्रकार जब-जब महंगाई भत्ता भारत सरकार बढ़ती है नियत दिनांक से मध्य प्रदेश सरकार महंगाई भत्ता का आदेश नहीं करती है बल्कि 8 से 10 महीने तक का महंगाई भत्ता रोक कर आदेश जारी करती है महंगाई भत्ता समय पर न मिलने के कारण पेंशनर्स में काफी आक्रोश है 79 वर्ष पूर्ण होने के बाद 20प्र का लाभ पेंशनर्स को मिलना चाहिए जबकि 80प्र कंप्लीट होने के बाद 20% का लाभ दिया जाता रहा है विद्युत



पेंशनर सहित रक्षक के प्रयास से माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशन पर विद्युत टेस्ला को इसका लाभ प्रदान किया गया 80 वर्ष के बाद 20प्र अतिरिक्त पेंशन का लाभ 79 वर्ष पूर्ण होने के बाद लाभ दिया गया। जिन पेंशनर्स ने अपनी पेंशन के आधार पर लोन लिया था जिसकी कटौती 15 वर्ष के लिए निर्धारित थी उसकी कटौती 10 वर्ष 8 माह तक माननीय उच्च न्यायालय एवं माननीय सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के आधार पर 15 वर्ष के स्थान पर 10 मार्च 8 माह तक की कटौती का आदेश प्रसारित कराया गया आठवें वेतनमान में पेंशनों को लाभ न दिए जाने के कारण विद्युत फैसला या परिवार पेंशन और उनके घर-घर जाकर संपर्क करने की योजना बनाई गई और सभी पेंशनर्स को एक साथ लाने के लिए भी योजना बनाई गई आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए सभी पेंशनरों ने या संकल्प लिया की ज्यादा से ज्यादा विद्युत पेंशन को जोड़कर अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत करेंगे बैठक में भीमसेन सिंह, श्याम लाल पांडे, पी.एल. गुप्ता, मोहम्मद वारिस अंसारी, रवि नंदन प्रसाद पांडे, शिवदयाल कुशवाहा, जी.एस. बघेल बहरी, रलोचन शर्मा बहरी, मुनीम सिंह बहरी, रामचंद्र कुशवाहा, यज्ञ भान सिंह, वी.पी. सिंह, छोटेलाल शर्मा, दडोली धोबी, भगवानदीन, वर्मा एच.एल. यादव, नेकी राम विश्वकर्मा, शेषमणि शर्मा के अतिरिक्त लगभग 50 विद्युत पेंशनर्स बैठक में उपस्थित हुए। अपनी मांग को पूरी करने के लिए सभी पेंशनरों में संघ को मजबूत करने के लिए संकल्प लिया अंतिम में कृष्णानंद दुबे का निधन 11 मार्च को हो गया था उनके आत्मा की शांति को लिए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसी के साथ भीमसेन सिंह ने कार्यपालन यंत्री प्रवर्तन मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड सीधी से संघ के माध्यम से अनुरोध किया है कि कैंपिंग हाउस सीधी में पूर्व से विद्युत पेंशनर्स बैठक लिया करते थे उसे कमरे को कार्यपाली अभियंता प्रवर्तन सीधी के द्वारा संभागीय कार्यालय संचालित किया जा रहा है विद्युत पेंसिल को बैठने के लिए कहीं भी स्थान नहीं है इसके लिए उनसे अनुरोध किया गया कि अधीक्षण अभियंता संचालन एवं संधारण सिद्धि के मौखिक निर्देशन पर किराए से भवन लेने के लिए जिसमें संभागीय कार्यालय संचालित किया जा सके मुख्य अभियंता परावर्तन के यहां पत्र भेजकर अनुमोदन प्राप्त कर ले ताकि इन वृद्धावस्था पेंशनर्स को बैठने की सुविधा कैंपिंग हाउस में महीने में एक बार की जा सके इसकी आवाज जोरदार से लगाते हुए सभी पेंशनर्स से एक मत होकर कैंपिंग हाउस की कमरे को खाली करने हेतु अनुरोध किया।

## संपादकीय

### भारत ने पाकिस्तान को पहुंचाया बड़ा आर्थिक आघात

पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ भारत सावधानी से कदम आगे बढ़ा रहा है। सिंधु जल समझौते को निलंबित करने, हवाई मार्ग बंद करने जैसे फैसलों के बाद अब उसने पाकिस्तान से किसी भी प्रकार के आयात पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया है। माना जा रहा है कि इससे पाकिस्तान को बड़ा आर्थिक आघात पहुंचेगा। पहलगाम हमले के बाद से देश में आक्रोश है। सरकार भी लगातार बैठकों और मंत्रणाओं के जरिए यह संदेश देने का प्रयास कर रही है कि जल्दी ही वह पाकिस्तान के खिलाफ कोई निर्णायक और कड़ा कदम उठाएगी। प्रधानमंत्री और गृहमंत्री सार्वजनिक मंचों से भरोसा दिला चुके हैं कि वे दोषियों को कड़ी सजा दिला कर रहेंगे।राष्ट्रीय जांच एजंसी इस हमले की गहन जांच कर रही है। खुफिया एजंसियों ने यह पता लगा लिया है कि आतंकियों ने किस प्रकार हमले को अंजाम दिया। इस हमले में शामिल स्थानीय आतंकियों के मकान ध्वस्त किए जाने की कार्रवाई की गई है। पाकिस्तान से आए आतंकियों को साथ लेकर हमले को अंजाम दिया गया। पता चला है कि ये वे आतंकी ही थे, जिन्होंने प्रधानमंत्री के दौरे के दौरान बड़ा हमला करने की योजना बनाई थी। दौरा टलने के बाद उन लोगों ने पहलगाम हमले को अंजाम दिया। शुरू में ही यह तथ्य सामने आ गया था कि पहलगाम हमले में लश्कर-ए-तैयबा के एक आनुषंगिक संगठन का हाथ था, लेकिन पाकिस्तान हमेशा की तरह अपना हाथ होने से मना कर रहा है। पाकिस्तान की यह आदत रही है कि तमाम तथ्यों और दस्तावेजों के बावजूद उसने आज तक किसी भी घटना में अपनी जमीन के इस्तेमाल होने की बात कबूल नहीं की है। अंतरराष्ट्रीय बिरादरी के सामने पहलगाम हमले को लेकर भारत पुख्ता तरीके से बात रख रहा है। वहां की सेना और खुफिया एजंसी आइएसआइ की देखरेख में पाक अधिकृत कश्मीर में आतंकियों को प्रशिक्षित करने के शिविर चलाए जा रहे हैं। स्पष्ट है कि पहलगाम हमले को लेकर जवाबी कार्रवाई की तैयारी भारत करेगा ही। यह देख अमेरिका और रूस समेत कई देश भारत और पाकिस्तान से तनाव और न बढ़ाने की अपील कर रहे हैं। राष्ट्रीय जांच एजंसी ने अपनी शुरूआती जांच में पाकिस्तान के खिलाफ कई तथ्य इकट्ठा किए हैं।

**कांग्रेस समेत विपक्ष के तमाम नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सवाल पूछ रहे हैं कि पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले का बदला कब लिया जायेगा? कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजय राय तो यहां तक कह रहे हैं कि राफेल लड़ाकू विमान से नींबू मिर्ची हटा कर कब उसे दुश्मन को सबक सिखाने के लिए भेजा जायेगा? कांग्रेस नेताओं का कहना है कि पहलगाम हमले को दो सप्ताह हो चुके हैं लेकिन सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी है। यहां सवाल उठता है कि क्या कोई छेड़ेगा तो हम छोड़ेंगे नहीं की बात कहने वाली मोदी सरकार वाकई हाथ पर हाथ धरे बैठी है? सवाल यह भी उठता है कि पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई करने में लग रहे समय को लेकर सवाल पूछ रही कांग्रेस को क्या इंदिरा गांधी का कार्यकाल याद नहीं है?**

# पीएम मोदी दो हफ्ते से तैयारी कर रहे, 1971 में इंदिरा गांधी को युद्ध की तैयारी में कितने दिन लगे थे?

(नीरज कुमार दुबे)

1971 के भारत पाकिस्तान युद्ध के समय तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी चाहती थीं कि युद्ध मार्च के महीने में लड़ा जाये लेकिन तत्कालीन सेनाध्यक्ष जनरल सैम मानेकशॉ जानते थे कि युद्ध के लिए तैयारी पूरी नहीं है इसलिए उन्होंने उस समय लड़ने से मना कर दिया था।

कांग्रेस समेत विपक्ष के तमाम नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सवाल पूछ रहे हैं कि पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले का बदला कब लिया जायेगा? कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजय राय तो यहां तक कह रहे हैं कि राफेल लड़ाकू विमान से नींबू मिर्ची हटा कर कब उसे दुश्मन को सबक सिखाने के लिए भेजा जायेगा? कांग्रेस नेताओं का कहना है कि पहलगाम हमले को दो सप्ताह हो चुके हैं लेकिन सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी है। यहां सवाल उठता है कि क्या कोई छेड़ेगा तो हम छोड़ेंगे नहीं की बात कहने वाली मोदी सरकार वाकई हाथ पर हाथ धरे बैठी है? सवाल यह भी उठता है कि पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई करने में लग रहे समय को लेकर सवाल पूछ रही कांग्रेस को क्या इंदिरा गांधी का कार्यकाल याद नहीं है?



हम आपको याद दिला दें कि 1971 के भारत पाकिस्तान युद्ध के समय तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी चाहती थीं कि युद्ध मार्च के महीने में लड़ा जाये लेकिन तत्कालीन सेनाध्यक्ष जनरल सैम मानेकशॉ जानते थे कि युद्ध के लिए तैयारी पूरी नहीं है इसलिए उन्होंने उस समय लड़ने से मना कर दिया था। अपने एक साक्षात्कार में खुद सैम मानेकशॉ ने बताया था कि उनके मुँह से ना सुन कर इंदिरा गांधी नाखुश हो गयी थीं। लेकिन उन्होंने कहा था कि अभी हमारी तैयारी नहीं है, अगर अभी युद्ध लड़ा तो हम हार जाएंगे। उन्होंने इंदिरा गांधी से पूछा था कि क्या आप जीत नहीं देखना चाहतीं? उन्होंने कहा था कि मैं जानता था कि मानसून आने वाला है और ऐसे में नदियां समुद्र बन जाती हैं जिससे हमारी सेना की मूवमेंट में दिक्कत होगी। उन्होंने कहा था कि मैं जानता था कि युद्ध की तैयारी के लिए योजना बनानी पड़ेगी और सेना को तैयार करना पड़ेगा, जिसके लिए पर्याप्त समय की जरूरत थी। उन्होंने कहा था कि मैं जानता था कि अधूरी तैयारी के साथ जंग के मैदान में जाना हार का मुंह देखने की तरह ही है। उन्होंने कहा था कि उस समय जंग में हार की शर्मिंदगी झेलने की जगह मैंने इंदिरा गांधी का गुस्सा झेलना बेहतर समझा था। सैम मानेकशॉ ने बताया था कि मेरे जवाब के बाद इंदिरा गांधी ने मुझसे कहा था कि जब आप युद्ध के लिए तैयार हो जायें तो मुझे बताना। हम आपको बता दें कि इंदिरा गांधी को मना करने के सात महीने के बाद सैम मानेकशॉ ने युद्ध के लिए हामी भरी थी और पाकिस्तान से पूर्वी क्षेत्र को अलग कर दिया था जिसे बांग्लादेश के नाम से जाना जाता है।

देखा जाये तो 1971 और आज की स्थितियां बिल्कुल अलग हैं इसलिए उस समय जो सात महीने लगे थे उतना समय इस बार नहीं लगेगा लेकिन फिर भी ऐसा तो हो नहीं सकता कि सात घंटे में ही कोई देश अपनी सेना को युद्ध के मैदान में उतार दे। सेना युद्ध के मैदान में उतर रही है तो पूरी तैयारी के साथ ही उतरेगी क्योंकि जंग जीतने के लिए लड़ी जाती है। विपक्षी नेताओं के सवालों से परेशान होकर सेना को अधूरी तैयारी के साथ मैदान में नहीं उतारा जा सकता यह बात बड़बोले नेताओं को समझनी चाहिए। कब हमला होगा, कब हमला होगा की रट लगाने वाले विपक्षी नेताओं को पता होना चाहिए कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सेना को कार्रवाई के लिए पूर्ण रूप से छूट दे चुके हैं इसलिए अब यह सेना को ही तय करना है कि कार्रवाई कब और कहां होगी और किस स्तर की होगी? इसलिए रोज रोज सवाल पूछ कर पाकिस्तानी मीडिया में वायरल होने की चाहत रखने वालों को चाहिए कि वह भारतीय सेना के साथ खड़े हों और राष्ट्रीय एकता को किसी भी सूरत में तोड़ने की कोशिश ना करें। बड़बोले विपक्षी नेताओं को यह भी देखना चाहिए कि पाकिस्तान के खिलाफ श्रृंखलाबद्ध रूप से जो कूटनीतिक कार्रवाइयां की गयी हैं उसने इस्लामाबाद को हिला कर रख दिया है। सरकार पर दोषारोपण करने वालों को राजनीति के लिए आगे बहुत समय मिलेगा, यह समय सरकार के साथ खड़े रहने का है इसलिए एकता की बात सिर्फ बयानों में ही नहीं बल्कि आचरण में भी दिखनी चाहिए। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# टूटना, असल में आत्मा का गढ़ा जाना है

**लोग एक बार टूटकर उठते हैं, उनके उठने में एक नई किस्म की नमी होती है। वो केवल सफलता की भूख से नहीं, बल्कि आत्मबोध की गहराई से प्रेरित होते हैं। वो अब पहले जैसे नहीं होते। उनके भीतर एक परिप( ता आ जाती है - एक ऐसी शांति जो जीवन के थपेड़ों से ही आती है। वो जान चुके होते हैं कि सब कुछ पकड़कर नहीं रखा जा सकता, कि हर चीज़ वैसी नहीं होती जैसी हम चाहते हैं, कि असफलता कोई चरम सत्य नहीं है। ताक़त सिर्फ़ इस बात में नहीं है कि आप कितनी बड़ी चुनौती झेल सकते हैं, बल्कि इस बात में है कि आप अपनी असफलता को कैसे देखते हैं। क्या आप टूटने के बाद खुद से नज़र चुराने लगते हैं? या फिर अपने ही अंदर एक नई रोशनी खोजने लगते हैं? क्या आप खुद को कोसते हैं, या फिर खुद को समझने लगते हैं?**

(सुंदरचंद ठाकुर)

हर इंसान चाहता है कि उसे मज़बूत कहा जाए। लेकिन मज़बूती का अर्थ हमने धीरे-धीरे गलत समझ लिया है। हम सोचते हैं कि जो कभी टूटा नहीं, वही सबसे ताक़तवर है। जिसे ज़िंदगी ने हिला न पाई हो, जिसके चेहरे पर कभी आँसू न आए हों, जो हर चुनौती के सामने पत्थर बनकर खड़ा रहा हो - बस वही मज़बूत है। पर क्या यही सच है? या फिर सच्ची ताक़त उन लोगों में होती है जो हारे, टूटे, बिखरे और फिर भी उठ जाएं। जिनके भीतर ज़िंदगी के तमाचे झेलने के बाद भी मुस्कराने की जगह बची रही।

दरअसल, टूटना कोई असाधारण बात नहीं है। जो भी संवेदनशील है, जो गहराई से महसूस करता है, जो संबंधों, सपनों, मान्यताओं और अपेक्षाओं से जुड़ा हुआ है ङ्क वो टूटेगा ही। वह कभी किसी प्रिय के चले जाने से, कभी किसी रिश्ते के बिखरने से टूटेगा, कभी अपने ही भीतर की विफलता से, कभी अपनों की बेरुख़ी से, और कभी उस चुप्पी से जो भीतर रिसती रहती है, बिना आवाज़ के। लेकिन टूटना और बिखरना जीवन का अंत नहीं है। कभी-कभी यह जीवन के नए अध्याय की भूमिका बनता है।



जो लोग एक बार टूटकर उठते हैं, उनके उठने में एक नई किस्म की नमी होती है। वो केवल सफलता की भूख से नहीं, बल्कि आत्मबोध की गहराई से प्रेरित होते हैं। वो अब पहले जैसे नहीं होते। उनके भीतर एक परिपक्वता आ जाती है - एक ऐसी शांति जो जीवन के थपेड़ों से ही आती है। वो जान चुके होते हैं कि सब कुछ पकड़कर नहीं रखा जा सकता, कि हर चीज़ वैसी नहीं होती जैसी हम चाहते हैं, कि असफलता कोई चरम सत्य नहीं है।

ताक़त सिर्फ़ इस बात में नहीं है कि आप कितनी बड़ी चुनौती झेल सकते हैं, बल्कि इस बात में है कि आप अपनी असफलता को कैसे देखते हैं। क्या आप टूटने के बाद खुद से नज़र चुराने लगते हैं? या फिर अपने ही अंदर एक नई रोशनी खोजने लगते हैं? क्या आप खुद को कोसते हैं, या फिर खुद को समझने लगते हैं?

ज़िंदगी में जो कुछ भी हमारे भीतर गहराई लाता है - वह हमें झकझोरता ज़रूर है। लेकिन उसी झकझोरने से भीतर कुछ जमता भी है। जिस मिट्टी को बिना हिलाए हम छोड़ दें, वह कभी समतल नहीं होती। उसमें कभी कुछ उगाया नहीं जा सकता। आत्मा भी वैसी ही है। उसे किसी न किसी आघात की ज़रूरत होती है - ताकि वह ठहरी हुई न रहे, बह सके, बढ़ सके।

टूटना यदि एक अनुभव है, तो उससे उभरना एक साधना है। और जो लोग इस साधना में सफल होते हैं, वही भीतर से ताक़तवर होते हैं - भले ही बाहर से साधारण दिखें। वे दूसरों को कम आंकना छोड़ देते हैं, दूसरों की तकलीफ़ को जल्दी समझते हैं, और जीवन को एक परिपूर्णता के साथ जीते हैं।

यह ज़रूरी नहीं कि वे फिर कभी न टूटें। वे फिर भी टूट सकते हैं, लेकिन हर बार उनके टूटने में एक और रंग जुड़ता है - एक और सीख, एक और गहराई। वे हर बार नए सिरे से जीना सीखते हैं, और यही उनकी ताक़त है।

इसलिए अगर आप कभी टूटे हैं, तो इसे अपनी हार न समझिए। शायद यही वो क्षण था, जहाँ आपकी आत्मा गढ़ी जा रही थी। जहाँ आप भीतर से कुछ नया बन रहे थे। और यदि आप उस टूटन से उठ पाए, तो यक़ीन मानिए - आप पहले से कहीं अधिक पूर्ण, सशक्त और जीवित हैं।ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं>

## वर्ग पहेली 5724



**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 10 जून 1933 को मार्गरेट थैचर इस देश की पुनः प्रधानमंत्री चुनी गई (3)
4. दक्षिण अमेरिका की यह जल की मात्रा के हिसाब से विश्व की सबसे बड़ी नदी है (4)
7. जल में उत्पन्न वस्तु (3)
8. सेवा, तीमारदारी, खिदमत (3)
9. अभ्यास पुस्तिका को अंग्रेजी में यह कहते है (4)
11. वाक्य का अपभ्रंश, बोलता हुआ (2)
14. गृह या भवन को यह भी कहते है (3)
16. प्रतिवासी, पड़ोसी (4)
18. राजा का निवास, भारत की पहली रहस्य प्रधान फिल्म (3)
20. पाषाण पटल, शिला, पेषणी (2)
21. उच्चवर्णीय, अंडज, यज्ञोपवीतधारी (2)
22. वह धन जो श्रमादि करके उपार्जित किया हुआ हो (3)
23. वह बाल जिसका पिता का निधन हो गया हो (उर्दू)(3)
24. नदी को अपभ्रंश (3)

**ऊपर से नीचे**

1. पुल को अंग्रेजी में यह कहते है (2)
2. दर्जी, वेशकार (3)
3. अरब का एक प्रसिद्ध नगर जहां हजरत अली की मजार है (3)
4. अंदाज, अनुमान, कयास (4)
5. वर्षा, प्रमेह, नर बकरी (2)
6. नवजात शिशु के आगमन पर खुशी हजहार करने पर महिलाओं का जमावड़ा, प्रदर्शनी (3)
10. जड़, नींव, आधार (4)
12. कोई विलक्षण कार्य, करतब (3)
13. हिम्मती, पराक्रमी, बहादुर (4)
15. कार्तिक शुक्ल द्वितीया को होने वाला भाईदूज पर्व इस नाम से भी जाना जाता है (5)
17. पुरुषोत्तम मास, अधिक मास (4)
19. पचित, पचेलिम, पचा हुआ (3)
23. जो, अगर (2)

**वर्ग पहेली 5723 का हल**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कि | र | ण | बे | दी | | गं | ज |
| ता | न | | गा | न | मं | ड | ली |
| ब | र | स | ना | | | क | ल |
| फ | | मा | | भू | सा | | |
| रो | ज | ना | म | चा | | आ | शा |
| श | ल | | त | ल | ब | गा | र |
| | पा | य | ल | | ह | मी | दा |
| सी | न | | बी | त | ना | | |

# पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम का गर्मी के मौसम पर हो सकता है बुरा असर

(अनन्या मिश्रा)

पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम होने पर महिलाओं के पीरियड्स अनियमित हो जाते हैं, मूड स्विंग्स, वेट बढ़ना और एक्ने जैसी समस्या होती है। हालांकि उम्र और मौसम के हिसाब से भी कई बार इस कंडीशन में बदलाव आता है। गर्मी के मौसम में होने वाले बदलाव की वजह से शरीर को एक हेल्दी बैलेंस मिलता है।

पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम यानी की पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम एक हार्मोनल डिसऑर्डर है। जिससे काफी महिलाएं प्रभावित हैं और उनको इसके कारण रोजमर्रा की जिंदगी में कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। पॉलीसिस्टिक होने पर महिलाओं के पीरियड्स अनियमित हो जाते हैं, मूड स्विंग्स, वेट बढ़ना और एक्ने जैसी समस्या होती है। हालांकि उम्र और मौसम के हिसाब से भी कई बार इस कंडीशन में बदलाव आता है। गर्मी के मौसम में होने वाले बदलाव की वजह से शरीर को एक हेल्दी बैलेंस मिलता है, जिससे पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम के लक्षण कम होने लगते हैं। ऐसे में आप कुछ बातों का ध्यान रखकर इस कंडीशन को मैनेज कर सकती हैं।

हेल्थ एक्सपर्ट की मानें, तो गर्मियों में नेचुरल रिदम की वजह से शरीर में काफी बदलाव आते हैं। इस मौसम में कुछ बातों का खास ख्याल रख कर आप हार्मोनल हेल्थ का ध्यान रख सकती हैं। गर्मियों में हाइड्रेटेड रहना हार्मोनल हेल्थ के लिए काफी अच्छा होता है। सही हाइड्रेशन मेटाबॉलिज्म को सुधारता है और शरीर से टॉक्सिन्स को बाहर निकालता है। साथ ही डाइजेशन में भी सुधार होता है।

गर्मियों में अधिक से अधिक पानी पीना चाहिए। वहीं पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम को मैनेज करने के लिए भी पुदीना, नींबू या फिर चिया सीड्स का डिटॉक्स वॉटर पीना चाहिए। इनमें मौजूद एंटी ऑक्सीडेंट्स स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होता है।

वहीं हल्दी-फुल्की एक्सरसाइज भी बॉडी को डिटॉक्स करने के साथ हार्मोनल हेल्थ को सुधारने और ब्लोटिंग की समस्या को कम करने में सहायता करती है।

प्रोसेस्ड फूड्स, शुगर वाले ड्रिंक् और अधिक कैफीन का सेवन करने से बचना चाहिए। क्योंकि इससे हार्मोन्स में उतार-चढ़ाव होता है।

एंटी-इंफ्लेमेटरी और हार्मोनल फ्रेंडली डाइट गर्मियों में सेहत के लिए फायदेमंद हो सकती है। इसलिए विटामिन्स और एंटी-ऑक्सीडेंट्स से भरपूज सीजनल फल और सब्जियों का सेवन करना चाहिए।

रेगुलर एक्सरसाइज भी पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोमको मैनेज करने में अहम भूमिका निभाती है। सुबह या शाम के समय आप एक्सरसाइज कर सकते हैं। आप ब्रिक्स वॉकिंग, स्वीमिंग और योग कोर्टिसोल लेवल कम करने के पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोमके लक्षणों को मैनेज करने में सहायता कर सकते हैं।

गर्मियों में दिन लंबे होते हैं, जिसका अहम स्लीपिंग पैटर्न पर भी होता है। वहीं अच्छी और गहरी नींद हार्मोनल बैलेंस के लिए जरूरी होती है। इसलिए इस मौसम में बेड टाइम रूटीन पर खास ध्यान देना चाहिए। सोने से पहले स्क्रीन का इस्तेमाल न करें और सोने से लिए सुकून भरा ठंडा वातावरण बनाएं।

बता दें कि अच्छी और गहरी नींद कोर्टिसोल, इंसुलिन और मेलाटोनिन हार्मोन को मैनेज कर सकती हैं। यह पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम के लक्षणों को कम या अधिक करने के लिए जिम्मेदार हो सकते हैं।

इसके साथ ही गर्मी के मौसम में 10-15 मिनट सूरज की रोशनी में रहना ओवरियन फंक्शन को सुधारता है। यह शरीर में विटामिन डी के लेवल को मैनेज करने के साथ इंफ्लेमेशन को कम करता है और मूड सुधारता है। इस लेख के सुझाव सामान्य जानकारी के लिए हैं।

## आज का राशिफल

### मेष

आज भाग?य साथ दे रहा है। कार्यक्षेत्र में नई संभावनाएं आपको लाभ देंगी। बॉस या सीनियर आपके काम से संतुष्ट रहेंगे और आपकी छवि मजबूत होगी। व्यापार में नया निवेश लाभकारी रहेगा, खासकर अगर आप बिजनस को आगे बढ़ाने के लिए कोई निवेश करने के बारे में सोच रहे हैं तो आपको लाभ होगा। आर्थिक दृष्टि से आय के नए स्रोत बनेंगे, विशेषकर कोई ऑनलाइन प्रॉजेक्ट या

### वृष

आज आर्थिक दृष्टिकोण से दिन संतुलन बनाए रखने वाला है। कोई आकर्षक प्रस्ताव मिल सकता है, लेकिन जल्दबाज़ी में निर्णय न लें। किसी वरिष्ठ से मिला सुझाव आपको वित्तीय नुक़सान से बचा सकता है। व्यवसाय में किसी पुराने ग्राहक से फिर से संपर्क बन सकता है, जिससे अच्छा लाभ मिलेगा। नौकरी में स्थानांतरण या नई ज़िम्मेदारी मिल सकती है। आज फालतू खर्च

### तुला

जो लोग जॉब में बदलाव की सोच रहे हैं, उन्हें नया ऑफर मिल सकता है। किसी लॉजिस्टिक्स या कानूनी मसले का समाधान आपको राहत देगा। कार्यस्थल पर आपकी कम्युनिकेशन स्किल्स और नए आइडियाज़ से सीनियर्स प्रभावित होंगे। दिन के अंत में थोड़ी मानसिक थकावट हो सकती है ।

### वृश्चिक

आज दिन ऊर्जा और प्रगति से भरा रहेगा। दिनभर में कई ऐसे प्रस?ताव आपको मिल सकते हैं जो आपको कई गुना मुनाफा करवाएंगे और आपकी तरक्की होगी। नौकरीपेशा लोगों को नई ज़िम्मेदारियां मिलेंगी जो आगे चलकर प्रमोशन का रास्ता खोलेंगी।

### मिथुन

आज करियर के मामले में बड़ा लाभ होने की संभावना है। करियर में दीर्घकालिक सफलता से आपके आत?मविश?वास में वृद्धि होगी। आप जिस प्रॉजेक्ट की शुरुआत कर रहे हैं, वह आपकी प्रतिष्ठा को नई ऊंचाई देगा। मीडिया, लेखन, शिक्षा या कंसल्टेंसी से जुड़े लोगों को विशेष अवसर प्राप्त होंगे। आर्थिक रूप से कोई बड़ा

### कर्क

आज दिन नई संभावनाओं और प्रयोगों का है। जोखिम लेने से न डरें, क्योंकि बड़ा लाभ आपके इंतजार में है। आपका नेटवर्किंग स्किल काम आएगा। बिजनस पार्टनर के साथ कोई नई योजना बन सकती है। नौकरी में नई भूमिका या विभाग परिवर्तन के योग हैं।

### धनु

आज दिन करियर और पैसे दोनों में मिले-जुले परिणाम मिलेंगे। कोई पुराना कानूनी मामला अचानक फिर सक्रिय हो सकता है, जिससे व्यय बढ़ेगा। व्यापारिक यात्राएं लाभदायक होंगी लेकिन थकावट भी दे सकती हैं। नौकरी में उच्च अधिकारियों से थोड़ी नाराजगी संभव है, इसलिए संवाद में स्पष्टता रखें।

### मकर

आज दिन संतुलन और कड़ी मेहनत का है। बिजनस में पार्टनरशिप से लाभ होगा और कोई डील फाइनल हो सकती है। नौकरीपेशा लोगों को एक साथ कई कार्यों को संभालना पड़ सकता है जिससे मानसिक दबाव बढ़ेगा। बच्चों से जुड़ा कोई करियर निर्णय आपकी प्राथमिकता में रहेगा।

### सिंह

आज दिन काफी व्यस्तता और उपलब्धियों से भरा रहेगा। कार्यक्षेत्र में नई ज़िम्मेदारियां मिलने की संभावना है, जिनके साथ तरक्की और आर्थिक लाभ जुड़ा रहेगा। हालांकि, ऑफिस में कोई सीनियर आपकी तरक्की से ईर्ष्या कर सकता है, इसलिए सतर्क रहें।

### कन्या

आज दिन स्थिरता और आत्मविश्लेषण का है। हर निर्णय धैर्य और विवेक से लें। किसी ऑफिस सहयोगी से मतभेद हो सकता है, इसलिए संयम रखें। फाइनेंशियल मामलों में आज छोटे निवेश आपको भविष्य में बड़ा रिटर्न दे सकते हैं।

### कुंभ

आज प्रफेशनल फील्ड में ध्यान और सतर्कता के साथ काम करना होगा। जल्दबाज़ी से नुकसान हो सकता है, खासकर फाइनेंशियल डील्स में। बिजनस में वृद्धि की संभावना है लेकिन कोई पुराना बकाया परेशान कर सकता है। नौकरी में आपको ट्रेनिंग या नई तकनीक सीखने का मौका मिल सकता है।

### मीन

आज दिन व्यावसायिक उत्थान और आत्मविश्वास से भरा हो सकता है। बिजनस में रिस्क लेना लाभकारी रहेगा, खासकर नवीन परियोजनाओं या डिजिटल क्षेत्र में। कार्यस्थल पर आप किसी कोच या सीनियर की तरह मार्गदर्शक की भूमिका निभा सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### आरक्षण कार्यकर्ता जरांगे ने मराठा समुदाय को नुकसान पहुंचाया है : भुजबल

मुंबई, एजेंसी। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के वरिष्ठ नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री छगन भुजबल ने मंगलवार को मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे पर तीखा हमला करते हुए उन पर उस समुदाय को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया, जिसके हितों की रक्षा का दावा वे करते हैं। साथ ही उन्होंने गांवों में सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने का भी आरोप लगाया। अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के प्रमुख नेता भुजबल ने महाराष्ट्र में लंबे समय से विलंबित स्थानीय निकाय चुनाव कराने और उनमें ओबीसी के लिए आरक्षण देने के उच्चतम न्यायालय के फैसले पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि 'किसी को परेशान होने की जरूरत नहीं है।' जरांगे के फिर से सक्रिय होने के बारे में पूछे जाने पर भुजबल ने कहा, ''उनकी सक्रियता से कोई लाभ नहीं हुआ है। वास्तव में उन्होंने मराठा समुदाय को सबसे अधिक नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने राज्य भर के गांवों में शांति भंग की है।'' जरांगे ने मराठा आरक्षण के लिए एक सप्ताह पहले राज्य सरकार के खिलाफ फिर से विरोध प्रदर्शन करने के लिए अगस्त के आखिरी सप्ताह में मुंबई तक रैली निकालने की घोषणा की थी। पिछले दो वर्षों में कई बार भूख हड़तालें कर चुके जरांगे ओबीसी श्रेणी के तहत सरकारी नौकरियों और शिक्षा में मराठा समुदाय के लिए आरक्षण की मांग कर रहे हैं।

### ऑपरेशन सिंदूर को लेकर आया अजमेर शरीफ दरगाह के दीवान सैयद नसीरुद्दीन चिश्ती ने की मोदी की तारीफ

अजमेर , एजेंसी। पाकिस्तान के खिलाफ भारत ने ऑपरेशन सिंदूर छेड़ा और इसे पूरा किया है। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर ऑल इंडिया सूफी सज्जादानशीन काउंसिल के चेयरमैन और अजमेर शरीफ दरगाह के दीवान सैयद नसीरुद्दीन चिश्ती ने भी बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि आज भारत ने दिखा दिया है कि वो कितना ताकतवर है। सभी सैन्यकर्मियों को मेरा सलाम। मैं सरकार का भी शुक्रिया अदा करता हूं। उन्होंने पीएम मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा कि पीएम मोदी ने देश की जनता की भावनाओं को समझकर पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया है। आतंक को हम जड़ से उखाड़कर रहेंगे। ऑपरेशन सिंदूर के जरिए हमने उन महिलाओं के सुहाग का बदला लिया है, जिन्होंने अपना सुहाग पहलगाम में खोया था। भारतीय सेना और भारत की ताकत को आज दुनिया के सामने दिखाया गया है। देश की जनता को भारत सरकार से उम्मीद थी सरकार उस पर खरी उतरी है। आतंकवाद का समर्थन करने वालों को भारत सरकार ने बता दिया है कि ये नया भारत है। बता दें कि भारत सरकार ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले का बदला 15 दिनों में ले लिया है। पाकिस्तान और पीओके में मौजूद नौ आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया है। इस हमले को देर रात अंजाम दिया गया जिसके जानकारी रक्षा मंत्री ने दी है।

### पहलगाम हमले के जवाब में भारत के ऑपरेशन सिंदूर को आनंद महिंद्रा ने दिया बयान

नईदिल्ली, एजेंसी। भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर को देर रात अंजाम दिया है, जिसे 22 अप्रैल को पहलगाम हमले के प्रतिशोध माना जा रहा है। इस हमले में पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू और कश्मीर में नौ आतंकवादी बुनियादी ढांचे स्थलों पर लक्ष्य साधकर हमला किया गया है। इस ऑपरेशन को लेकर आनंद महिंद्रा ने भी प्रतिक्रिया व्यक्त की है और इसकी प्रशंसा की है। भारतीय अरबपति आनंद महिंद्रा ने पोस्ट किया, हमारी प्रार्थनाएँ हमारी सेनाओं के साथ हैं... एक राष्ट्... हम एक साथ खड़े हैं। उन्होंने एक तस्वीर शेयर की जिसमें काले रंग की पृष्ठभूमि पर ऑपरेशन सिंदूर लिखा हुआ था। तस्वीर में सिंदूर से भरा एक छोटा कटोरा भी दिखाई दे रहा है, जो शादीशुदा हिंदू महिलाओं द्वारा इस्तेमाल किया जाने वाला एक पारंपरिक लाल रंग का पाउडर है। हमले के बाद उत्तर भारत के कई हवाई क्षेत्र नागरिकों के लिए बंद कर दिए गए हैं। प्रमुख एयरलाइनों ने भी इस घटनाक्रम को सोशल मीडिया पर साझा किया है। कुछ समय पहले, भारतीय सशस्त्र बलों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया, जिसके तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया गया, जहां से भारत के खिलाफ आतंकवादी हमलों की योजना बनाई गई और निर्देशित किया गया। कुल मिलाकर, नौ (9) साइटों को लक्षित किया गया है। हमारी कार्रवाई प्रकृति में केंद्रित, मापी गई और गैर-बढ़ती रही है। किसी भी पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठान को निशाना नहीं बनाया गया है। भारत ने लक्ष्यों के चयन और निष्पादन के तरीके में काफी संयम दिखाया है। ये कदम पहलगाम में हुए बर्बर आतंकवादी हमले के बाद उठाए गए हैं जिसमें 25 भारतीय और एक नेपाली नागरिक की हत्या कर दी गई थी। हम इस प्रतिबद्धता पर खरे उतर रहे हैं कि इस हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाएगा।



# सेना ने लौटाई विधवाओं की मुस्कान, पीएम को थैंक्यू; ऑपरेशन सिंदूर पर क्या बोलीं पहलगाम की पीड़िताएं



नई दिल्ली, एजेंसी। 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर दिया था। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे। इस हमले के जवाब में भारतीय सशस्त्र बलों ने 7 मई को तड़के 1:44 बजे ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (क्कश्य) में आतंकी ठिकानों पर सटीक हमले किए। इस ऑपरेशन को भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना के संयुक्त प्रयासों से अंजाम दिया गया, जिसकी निगरानी स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की। इस कार्रवाई के बाद पहलगाम हमले में अपने प्रियजनों को खोने वाली महिलाओं और पीड़ितों के परिजनों ने भारतीय सेना की बहादुरी की सराहना की और पीएम मोदी को धन्यवाद दिया। परिजनों की आंखों में खुशी के आंसू पहलगाम हमले में जान गंवाने वाले संतोष जगदाले की बेटी, अस्वरी जगदाले, जब इस ऑपरेशन की खबर से रूबरू हुईं, तो अपनी भावनाओं को रोक नहीं पाईं। एएनआई से बात करते हुए असवरी ने कहा, हम खुशी से रो पड़े। (प्रधानमंत्री नरेंद्र) मोदी ने बदला लिया है और जिस तरह से इस ऑपरेशन का नाम रखा गया - 'सिंदूर', उससे हमारी आंखों से आंसू रुक ही नहीं रहे। जिन बहनों का सिंदूर आतंकियों ने छीन लिया था, आज भारत ने उनका जवाब 9 जगहों पर दिया है। ये भाव अलग हैं, और हमारी आंखों से खुशी के आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे।

**सरकार पर विश्वास जगा :** हमले में मारे गए शुभम द्विवेदी के पिता, संजय द्विवेदी, ने कहा कि इस ऑपरेशन से देश की सरकार पर भरोसा और मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा, मैं लगातार खबरें देख रहा हूं। मैं भारतीय सेना को सलाम करता हूं और पीएम मोदी को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने देश के लोगों के दर्द को सुना। मैं सेना का आभार प्रकट करता हूं जिन्होंने पाकिस्तान में पनप रहे आतंकवाद को खत्म किया। ये खबर सुनकर हमारे पूरे परिवार का दिल हल्का हो गया है।

**ये असली श्रद्धांजलि है :** शुभम द्विवेदी के एक अन्य रिश्तेदार मनोज द्विवेदी ने कहा, 22 अप्रैल को जब हमारा बच्चा शहीद हुआ, हमने कहा था कि हमारे देश में अब एक क्रांति आने वाली है। हमें पूरा विश्वास था कि पीएम मोदी आतंकवाद को खत्म करने के लिए सबसे सख्त कदम उठाएंगे। आज सेना ने हमारे बेटे को असली श्रद्धांजलि दी है, इसके लिए हम तहेदिल से शुक्रगुजार हैं। पहलगाम हमले में अपने प्रियजनों को खोने वाली महिलाओं और परिजनों ने ऑपरेशन सिंदूर को अपने दुख का बदला लेने वाला कदम बताया। उनकी भावनात्मक प्रतिक्रियाओं ने पूरे देश को छू लिया। शुभम द्विवेदी की विधवा ने कहा, आज मेरे पति का बदला पूरा हुआ। मैं भारतीय सेना को सलाम करती हूं और पीएम मोदी को धन्यवाद देती हूं। आज मेरे पति की आत्मा को शांति मिलेगी। महाराष्ट्र के कौस्तुभ गणबोते भी हमले में शहीद हुए थे। उनकी विधवा संगीता गणबोते ने कहा, सेना का यह कदम सराहनीय है। ऑपरेशन सिंदूर का नाम सुनकर मैं भावुक हो गई। यह महिलाओं के सम्मान का प्रतीक है। पीएम मोदी ने आतंकियों को करारा जवाब दिया। आतंक का खात्मा हो! शहीद लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के पिता का रिएक्शन पहलगाम में शहीद हुए लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के पिता राजेश नरवाल ने इस कार्रवाई की सराहना की है। अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए नरवाल ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में जब भी मीडिया ने मुझसे पूछा कि मैं भारत सरकार से क्या चाहता हूं, तो मैंने उनसे कहा कि मुझे उन पर भरोसा है और वे अपना काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, और अब वह दिन आ गया है, जब काम पूरा हो गया है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि जिन परिवारों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, वे उन्हें वापस नहीं पा सके, लेकिन हम ऐसी कार्रवाई चाहते थे, जो एक बड़ा संदेश दे। मुझे लगता है कि वे (पाकिस्तान) इस कार्रवाई को कभी नहीं भूलेंगे। नरवाल ने ऑपरेशन सिंदूर की भी सराहना की और कहा कि इससे 26 महिलाओं को निश्चित रूप से सांत्वना मिलेगी, जिन्होंने अपने पुरुषों को खो दिया है। उन्होंने सशस्त्र बलों को धन्यवाद दिया और कहा कि हमें हमेशा उनका सम्मान करना चाहिए, इससे उनका मनोबल बना रहता है। पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए भारतीय नौसेना के लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की मां आशा नरवाल ने कहा, मेरा पूरा परिवार मोदी साहब के साथ है, जिन्होंने आज बदला लिया है। मैं सशस्त्र बलों के जवानों से कहना चाहती हूं कि वे आगे बढ़ते रहें। आज उन सभी को श्रद्धांजलि दी गई है, जिन्होंने अपनी जान गंवाई है।

## केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने देवप्रयाग में की पूजा-अर्चना, सरकार के विकास कार्यों की सराहना -



देवप्रयाग , एजेंसी। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान उत्तराखंड के दौरे पर हैं. अपने इस आध्यात्मिक यात्रा के दौरान उन्होंने देवप्रयाग पहुंचकर मां गंगा की विधिवत पूजा-अर्चना की और उत्तराखंड सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की खुलकर प्रशंसा की. देवप्रयाग पहुंचने पर शिवराज सिंह चौहान ने सबसे पहले अलकनंदा और भागीरथी नदियों के संगम स्थल पर पूजा-अर्चना की. इस मौके पर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि देवप्रयाग वह पुण्यभूमि है जहां अलकनंदा और भागीरथी नदियों का संगम होता है और यहीं से गंगा नदी की शुरुआत मानी जाती है. इस पवित्र स्थल पर आकर उन्होंने आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव किया. इसके बाद केंद्रीय मंत्री ने संगम तट पर चल रहे सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्यों का निरीक्षण किया. उन्होंने कहा कि देवप्रयाग का स्वरूप तेजी से बदल रहा है और यहां आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को एक सुंदर, सुव्यवस्थित और दिव्य वातावरण मिल रहा है. इस कार्य के लिए उन्होंने स्थानीय विधायक विनोद कंडारी की मेहनत और प्रयासों की सराहना की. उन्होंने कहा कि विधायक कंडारी ने देवप्रयाग को पर्यटन और आस्था के दृष्टिकोण से विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. शिवराज सिंह चौहान ने उत्तराखंड में हो रहे समग्र विकास की भी सराहना की. उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की नेतृत्व क्षमता की तारीफ करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में उत्तराखंड निरंतर प्रगति की दिशा में बढ़ रहा है. कहा कि राज्य सरकार की योजनाएं ना केवल शहरों में बल्कि गांवों तक विकास पहुंचाने में सफल हो रही हैं. उन्होंने यह भी कहा कि देवभूमि उत्तराखंड ना केवल आस्था का केंद्र है।

## पिक्चर अभी बाकी है, ऑपरेशन सिंदूर को लेकर पूर्व आर्मी चीफ मनोज नरवणे का बड़ा बयान

नईदिल्ली, एजेंसी। पहलगाम में हुआ आतंकवादी हमले का बदला लेता हुए भारतीय सुरक्षा बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकियों के नौ ठिकानों पर मिसाइल से हमले किए। इन हमलों में 100 से अधिक आतंकियों के मारे जाने की सूचना है। पूरे देश में इस जवाबी कार्रवाई को लेकर खुशी की लहर है। लोग जश्न मना रहे हैं। इस जवाबी कार्रवाई पर प्रतिक्रिया देते हुए पूर्व आर्मी चीफ मनोज मुकुंद नरवणे ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने एक्स पर लिखा- पिक्चर अभी बाकी है... आपको बता दें कि भारतीय सशस्त्र बलों ने पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेते हुए सख्त जवाबी कार्रवाई में मंगलवार देर रात पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किये, जिनमें आतंकवादी समूहों लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के गढ़ भी शामिल हैं। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के दो सप्ताह बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत भारत की ओर से यह सैन्य कार्रवाई की गई। पहलगाम हमले में 26 नागरिक मारे गए थे। रक्षा मंत्रालय ने देर रात एक बजकर 44 मिनट पर एक बयान में कहा, ''कुछ समय पहले, भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में उन आतंकवादी बुनियादी ढांचे पर हमला करते हुए।

# अहिल्याबाई होलकर के नाम पर छात्रावास, अस्पताल; जीवनी पर फिल्म भी बनाएगी महाराष्ट्र सरकार

मुंबई, एजेंसी। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस की अध्यक्षता वाली राज्य सरकार ने मंगलवार को आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक में कई बड़े फैसले लिए हैं। सरकार ने पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होलकर के जीवन पर आधारित एक व्यावसायिक मराठी और बहुभाषी फिल्म बनाने का फैसला लिया है। वहीं मंत्रिपरिषद ने अहिल्यादेवी होलकर द्वारा निर्मित घाटों, कुओं, जल वितरण प्रणालियों का सर्वेक्षण कराने तथा उनके संरक्षण के लिए विशेष योजना लागू करने का भी निर्णय लिया है। इसके अलावा अहिल्यादेवी होलकर के नाम पर सौ विद्यार्थियों की क्षमता वाला नया एक मेडिकल कॉलेज और 430 बिस्तरों वाला अस्पताल स्थापित करने का भी निर्णय लिया गया है। राज्य में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए भी कई प्रस्तावों पर मुहर लगी है। मंत्रिमंडल की बैठक में राज्यभर में महिलाओं के लिए आदिशक्ति मिशन को लागू करने और आदिशक्ति पुरस्कार प्रदान करने का फैसला लिया गया। इस आदिशक्ति अभियान को अच्छी तरह से लागू करने वाली ग्राम पंचायतों को आदिशक्ति पुरस्कार देने की बात कही गई है। इस योजना को लागू करने के लिए 10.50 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। महिलाओं के उत्थान के लिए कई फैसले वहीं राज्य में जागरूकता आंदोलन के माध्यम से महिलाओं की आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक और स्वास्थ्य




समस्याओं के बारे में समाज में संवेदनशीलता पैदा करने का भी निर्णय लिया गया है। इसके अलावा सरकार ने कुपोषण, शिशु मृत्यु दर, मातृ मृत्यु दर में कमी लाने, लिंग भेद समाप्त कर बालिकाओं में शिक्षा का स्तर बढ़ाने के साथ साथ बाल विवाह मुक्त समाज बनाने, यौन एवं शारीरिक शोषण रोकने और कुरीतियों को खत्म कर, महिलाओं को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने और स्वरोजगार के अवसर प्रदान कर आर्थिक विकास करने का फैसला लिया है। सरकार ने धनगर समाज के विद्यार्थियों के लिए 'यशवंत विद्यार्थी योजना' लागू करने की भी बात कही है। इसके तहत हर साल 10 हजार विद्यार्थियों को स्कूली शिक्षा दी जाएगी। अहिल्यादेवी होलकर छात्रावास योजना के तहत धनगर समाज के मेधावी विद्यार्थियों के लिए छात्रावास बनाने का भी निर्णय लिया गया है। सरकार ने ग्राम सामाजिक परिवर्तन फाउंडेशन के तहत क्रियान्वित किए जा रहे मिशन महाग्राम कार्यक्रम की अवधि को 2022-25 के स्थान पर 2028 तक बढ़ाने का भी निर्णय लिया है। वहीं मंत्रिमंडल ने नासिक-त्र्यंबकेश्वर कुंभ मेला प्राधिकरण अध्यादेश 2025 जारी करने का भी निर्णय लिया।

# पराक्रमो विजयते...ऑपरेशन सिंदूर पर अखिलेश यादव की पहली प्रतिक्रिया, मायावती बोलीं-सराहनीय काम

नईदिल्ली, एजेंसी। भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर पर देश भर में जोश और उत्साह का माहौल है। इस बीच सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ओर से भारतीय सेना की सराहना के बयान आ रहे हैं। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपने पहले रिएक्शन में कहा- पराक्रमो विजयते...। वहीं बसपा सुप्रीमो मायावती ने इसे भारतीय सेना की गौरवमय और सराहनीय कार्रवाई कहा है।

दरअसल, पहलगाम आतंकी हमले के बाद से ही देश भर में एक तरह की बेचैनी थी। हर कोई चाहता था कि भारत, आतंकियों को कड़ा सबक सिखाए और आतंक को पनाह देने वाले पाकिस्तान को भी मुंहतोड़ जवाब दे। हर ओर से कार्रवाई की मांग की जा रही थी। अब जब भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक में बड़ी संख्या में आतंकवादियों को मार गिराया है तो हर ओर से सेना की तारीफ आ रही है। सपा अध्यक्ष और यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भारतीय सेना के पराक्रम की सराहना की है।



सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर उन्होंने लिखा- पराक्रमो विजयते। इसका अर्थ होता है पराक्रम की विजय। वहीं बसपा सुप्रीमो और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने एक्स पर लिखा- 'पाकिस्तान में 9 आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करने की भारतीय सेना की 'आपरेशन सिंदूर' कार्रवाई गौरवमय व सराहनीय।' यूपी कांग्रेस का पहला रिएक्शन ऑपरेशन सिंदूर पर यूपी कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय ने भी अपनी पहली प्रतिक्रिया में भारतीय सेना की सराहना की है। अजय राय ने कहा कि भारतीय सेना पर हमेशा से हमें नाज है। सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत काफी मजबूत कार्रवाई है। उन्होंने कहा कि सेना आगे भी आतंक को खत्म करने के लिए इसी मजबूती से कार्रवाई करे। अजय राय ने कहा कि आतंकवादियों और पाकिस्तान को कड़ा जवाब देने की सरकार के हर कदम के साथ विपक्ष और सारा देश खड़ा है।

# देश के अंदर भी दुश्मन ढेर, छत्तीसगढ़ में 15 नक्सलियों को मार गिराया, पहाड़ी पर घिरे हैं 1000 नक्सली

बीजापुर, एजेंसी। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में जारी नक्सल विरोधी अभियान में सुरक्षाबलों ने 15 से ज्यादा नक्सलियों को मार गिराया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के करेंगुट्टा की पहाड़ियों और छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर स्थित पहाड़ियों में 21 अप्रैल को 'मिशन संकल्प' नाम से अभियान शुरू किया गया, जिसमें लगभग 24 हजार जवान शामिल हैं। अभियान की समीक्षा कर रहे एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, तलाशी अभियान जारी है और अगले कुछ घंटों में अधिक जानकारी दी जाएगी। जानकारी के मुताबिक पहाड़ियों पर हजार नक्सलियों को घेरा गया है। ऐसे में एक तरफ जहां ऑपरेशन सिंदूर के जरिए जहां पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को तबाह किया गया है तो वहीं ऑपरेशन संकल्प के जरिए देश के अंदर छिपे दुश्मनों को निशाना बनाया जा रहा है। अधिकारी ने ऑपरेशन संकल्प के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के तहत आज सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई जिसमें 15 से अधिक नक्सलियों को ढेर कर दिया गया। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक इससे पहले सोमवार को सुरक्षाबलों ने एक वर्दीधारी महिला नक्सली को मार गिराया था और घटनास्थल से हथियार और अन्य सामान बरामद किए थे। वहीं 24 अप्रैल को तीन महिला नक्सली के शव बरामद



किए गए थे। अधिकारियों ने बताया कि बीजापुर जिले के दक्षिण पश्चिम सीमावर्ती क्षेत्र के जंगल में नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना के बाद सुरक्षा बल के जवानों को नक्सल विरोधी अभियान पर रवाना किया गया था। उन्होंने बताया कि बताया कि बस्तर क्षेत्र में शुरू किए गए सबसे बड़े नक्सल विरोधी अभियानों में से एक इस अभियान में जिला रिजर्व गार्ड, बस्तर फाइटर्स और छत्तीसगढ़ पुलिस के एसटीएफ, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और कमांडो बटालियन फॉर रेसोल्यूट एक्शन (कोबरा) के जवान समेत विभिन्न इकाइयों के जवान शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान अंतरराज्यीय सीमा पर बीजापुर (छत्तीसगढ़) और मुलुगु और भद्राद्री-कोठागुडेम (तेलंगाना) के दोनों ओर लगभग आठ सौ वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में फैले दुर्गम इलाके और घने जंगल में जारी है।

# 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद हाई अलर्ट पर राजस्थान, कई जिलों की स्कूलों में छुट्टी; 2 एयरपोर्ट भी बंद

जयपुर, एजेंसी। भारत की ओर से मंगलवार देर रात पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक करने के बाद देशभर में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी गई है। पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर ऑपरेशन सिंदूर के बाद राजस्थान के बॉर्डर वाले जिलों बीकानेर, जैसलमेर और बाड़मेर में स्कूलों को बंद कर दिया गया है, जबकि जयपुर समेत 28 शहरों में बुधवार को राष्ट्रव्यापी नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल आयोजित की जा रही है। इस दौरान एहतियात के तौर पर 2 एयरपोर्ट को बंद रखा गया है। बीकानेर में जिला कलेक्टर के आदेश पर बुधवार की परीक्षा स्थगित कर दी गई है। हालांकि गुरुवार और आगे की परीक्षाओं को लेकर स्थिति देर शाम तक स्पष्ट की जाएगी। टीचर्स को लेकर कोई विशेष आदेश जारी नहीं हुआ है, ऐसे में उन्हें नियमित रूप से स्कूल जाना होगा। वहीं, बुधवार को प्रस्तावित मॉक ड्रिल में शिक्षकों की भागीदारी भी सुनिश्चित की गई है।

जयपुर शहर को मॉक ड्रिल के तहत 'मध्यम संवेदनशील' श्रेणी में रखा गया है। शाम 4 बजे राजभवन, सचिवालय, बीएसएनएल ऑफिस सहित 11 स्थानों पर एकसाथ सायरन बजने के साथ मॉक ड्रिल की शुरुआत होगी, जबकि रात 8 बजे



शहर में पूर्ण ब्लैकआउट किया जाएगा। बिजली विभाग शहर की स्ट्रीट लाइट, हाईवे, टोल लाइट आदि को बंद करेगा। नागरिकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे इनवर्टर, मोबाइल टॉर्च और वाहनों की हेडलाइट का उपयोग न करें।

स्वास्थ्य विभाग ने अस्पतालों को बैकअप पावर सिस्टम के साथ तैयार रहने के निर्देश दिए हैं, ताकि इमरजेंसी सेवाओं में कोई व्यवधान न आए। यह मॉक ड्रिल 1971 के बाद अब तक की सबसे व्यापक अभ्यास के रूप में देखी जा रही है।

जयपुर एयरपोर्ट पर भी असर देखा गया है। पाकिस्तान की सीमा के नजदीक जाने वाली चार फ्लाइट्स को रद्द कर दिया गया है। इनमें चंडीगढ़ और मस्कट की उड़ानें शामिल हैं। बीकानेर और जोधपुर एयरपोर्ट को भी एहतियातन बंद कर दिया गया है। अजमेर दरगाह के दीवान के बेटे नसरुद्दीन चिश्ती ने एयर स्ट्राइक पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, ये नया भारत है जो शब्दों से नहीं, जवाबी कार्रवाई से बात करता है। यह आतंकी संगठनों और उन्हें शरण देने वाली सरकारों को सीधा संदेश है। फिलहाल राजस्थान समेत देशभर में सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं और आमजन से सहयोग की अपील की गई है।



धर्मशाला हवाई अड्डा बंद...

# शिफ्ट होगा मुंबई-पंजाब का IPL मैच?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पहलगाम में आतंकवादी हमले के जवाब में भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में 9 ठिकानों पर मिसाइल हमले किए. इसके बाद से देश में उत्तर और पश्चिम हिस्सों के कम से कम 18 हवाई अड्डे बंद कर दिए गए हैं, जिनमें श्रीनगर, जेह, जम्मू, अमृतसर, पठानकोट, चंडीगढ़, जोधपुर, जैसलमेर, शिमला, धर्मशाला और जामनगर शामिल हैं.

## ...तो शिफ्ट होगा मुंबई-पंजाब का मैच?

पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों पर भारत के मिसाइल हमले के बाद धर्मशाला हवाई अड्डा अस्थायी रूप से बंद होने के कारण आईपीएल टीमों की यात्रा का कार्यक्रम प्रभावित हुआ है, जिन्हें वहां खेलना है.

धर्मशाला में गुरुवार को पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स का मैच होना है. इसके बाद 11 मई को पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस का मैच वहां खेला जाना है. मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स के बीच 11 मई को धर्मशाला में होने वाला मैच अब मुंबई में शिफ्ट हो सकता है. धर्मशाला पंजाब किंग्स टीम का दूसरा घरेलू मैदान है. पंजाब टीम को यात्रा संबंधी फिलहाल कोई दिक्कत नहीं है क्योंकि वे इस हफ्ते के अंत तक वहीं रहेंगे. दिल्ली को देखना होगा कि उसके खिलाड़ी वापस कैसे आएंगे, जिन्हें रविवार को अरुण जेटली स्टेडियम पर गुजरात टाइटन्स से खेलना है. मुंबई टीम का यात्रा कार्यक्रम भी अभी अनिश्चित है. बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा,'इस समय सब कुछ अनिश्चित है.

टीमों से बात चल रही है और वे भी विचार कर रहे हैं कि हवाई अड्डा बंद रहने पर धर्मशाला से दिल्ली वापस कैसे आना है. उन्होंने कहा ,'दिल्ली कैपिटल्स के लिए एक विकल्प बस से लौटने का है, लेकिन सिर्फ टीमें नहीं... बल्कि प्रसारण टीम और उपकरण भी हैं.'

## इंटर मिलान चैंपियंस लीग 2024-25 के फाइनल में बार्सिलोना को 7-6 से हराया; पहला लेग ड्रॉ रहा था, जबकि दूसरा लेग 4-3 से जीता



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंटर मिलान ने बार्सिलोना को हराकर चैंपियंस लीग 2024-25 के फाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया है। मंगलवार को खेले गए दूसरे लेग में इंटर ने बार्सिलोना को 4-3 से हराया और कुल मिलाकर 7-6 से फाइनल में प्रवेश किया। इसके पहले बार्सिलोना के मोंटजुइक ओलिंपिक स्टेडियम में खेले गए पहले लेग में इंटर और बार्सिलोना का मुकाबला ड्रॉ रहा था।

21 वें मिनट में ही इंटर ने ले ली बढ़त मैच के 21वें मिनट में ही इंटर ने गोल कर 1-0 की बढ़त ले ली। इंटर के लौटरो मार्टिनेज ने मैच के 21वें मिनट में डेनजेल डमफ्रीज के पास पर गोल कर टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी।

मैच के 45वें मिनट में हकन चालहानोग्लू ने गोल कर टीम को 2-0 की बढ़त दिला दी। हाफ टाइम के बाद बार्सिलोना ने वापसी की और बार्सिलोना की ओर से मैच के 54वें मिनट में एरिक गार्सिया ने गेरार्ड मार्टिन के क्रॉस को गोल में तब्दील कर स्कोर 1-2 कर दिया। वहीं 60 वें मिनट में डैनी ओल्मो ने मार्टिन की एक पास को हेडर से गेंद को गोल पोस्ट में पहुंचा कर स्कोर 2-2 कर दिया। वहीं 87वें मिनट में बार्सिलोना की ओर से राफिन्हा ने गोल कर टीम को 3-2 से बढ़त दिला दी। ऐसा लगा कि अब बार्सिलोना का जीतना तय है, तभी इंटर के फ्रांसेस्को एसरबी ने गोल कर स्कोर 3-3 कर दिया। डेविड फ्रेटेसी ने इंटर के लिए चौथा गोल कर टीम को जीत दिलाई वहीं 99 वें मिनट में इंटर ने फिर से बढ़त हासिल कर ली। इंटर की ओर से डेविड फ्रेटेसी ने गोल कर स्कोर को 4-3 कर दिया। इस तरह 7-6 से इंटर ने फाइनल में अपना स्थान पक्का किया।

## मिशेल ओवेन को पंजाब किंग्स में मिली जगह, चोटिल ग्लेन मैक्सवेल की जगह टीम में शामिल हुए



**धर्मशाला, एजेंसी।** चोटिल ग्लेन मैक्सवेल की जगह ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर मिशेल ओवेन को इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के शेष सत्र के लिए पंजाब किंग्स की टीम में शामिल किया गया है। पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने 23 वर्षीय ओवेन का टीम में स्वागत करते हुए कहा, 'मुझे लगता है कि हम सभी इस सत्र के अंतिम चरण के लिए मिशेल ओवेन को अपनी टीम में शामिल करके बहुत खुश हैं। वह एक ऐसा खिलाड़ी है जिसे मैंने पिछले 12 महीनों में बहुत करीब से देखा है।

वह ऐसा खिलाड़ी है जो अलग-अलग क्रम पर बल्लेबाजी कर सकता है और साथ ही कुछ बहुत ही उपयोगी मध्यम गति की गेंदबाजी भी कर सकता है। मैं उसे टीम का हिस्सा बनाकर वास्तव में उत्साहित हूं और जल्द से जल्द उसके यहां आने का इंतजार कर रहा हूं। तीन करोड़ रुपए में पंजाब किंग्स में शामिल हुए ओवेन ने 34 टी20 मैचों में कुल 646 रन बनाए हैं और 10 विकेट लिए हैं। उनके नाम दो शतक भी हैं, जिसमें उनका उच्चतम स्कोर 108 है। टीम में शामिल होने पर ओवेन ने कहा, 'मैं पंजाब किंग्स में शामिल होने का अवसर पाकर वास्तव में उत्साहित हूं। पंजाब किंग्स के मुख्य कार्यकारी सतीश मेनन ने कहा, ''हमें विश्वास है कि मिच ओवेन के पास आईपीएल में कामयाब होने के लिए कौशल और स्वभाव है।

# कोई आप पर पत्थर फेंके तो उस पर फूल फेंको, लेकिन गमले के साथ, भारतीय क्रिकेट जगत ने ऑपरेशन सिंदूर पर दी प्रतिक्रिया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय खेल जगत की हस्तियों ने पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों पर भारतीय सेना की एयरस्ट्राइक पर प्रतिक्रिया दी है। भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर, पूर्व ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह व सुरेश रैना उन पहले खिलाड़ियों में शामिल रहे, जिन्होंने भारतीय सेना द्वारा चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' की खुलकर सराहना की।

यह ऑपरेशन 6 और 7 मई की रात को अंजाम दिया गया। सेना ने 9 ऐसे स्थानों पर सटीक हमला किया, जिन्हें आतंकी गतिविधियों के लिए अहम माना जाता था। यह कार्रवाई पहलगाम में हुए आतंकी हमले (जिसमें 26 निर्दोष लोग मारे गए थे) के जवाब में की गई थी। अधिकारियों ने इसे सोच-समझकर किया गया, संयमित लेकिन ठोस जवाब बताया।



गौतम गंभीर, पूर्व क्रिकेटर व कमेंटेटर आकाश चोपड़ा और प्रज्ञान ओझा ने सबसे पहले सोशल मीडिया पर सेना की तारीफ करते हुए जय हिंद लिखा।

राज्यसभा सांसद हरभजन सिंह ने भी सोशल मीडिया पर लिखा, जय हिंद, यह हमारे निर्दोष भाइयों की निर्मम हत्या का जवाब है। सुरेश रैना ने भी इंस्टाग्राम स्टोरी पर इस ऑपरेशन से जुड़ी तस्वीर साझा कर सेना का समर्थन किया। सचिन तेंदुलकर ने भी एक्स पोस्ट पर लिखा, भारत की ढाल उसके लोग हैं। इस दुनिया में आतंकवाद के लिए कोई जगह नहीं है। हम एक टीम हैं!जय हिंद

पूर्व ओपनर वीरेंद्र सहवाग ने लिखा, अगर कोई आप पर पत्थर फेंके तो उसपर फूल फेंकों, लेकिन गमले के साथ। जय हिंद।

आईपीएल 2025 में कोलकाता नाइट राइडर्स की ओर से खेल रहे वरुण चक्रवर्ती ने भी इस ऑपरेशन की फोटो इंस्टाग्राम स्टोरी पर साझा की।

पूर्व गेंदबाज चेतन शर्मा ने कहा, जब बात सुरक्षा की हो, तो भारत संकोच नहीं करता। ऑपरेशन सिंदूर कोई जवाब नहीं, बल्कि एक सख्त संदेश है। पूर्व महिला क्रिकेटर झूलन गोस्वामी ने भी कहा, सटीकता, उद्देश्य और ताकत – भारत इसी तरह जवाब देता है।

सेना के अनुसार, इस ऑपरेशन में जिन 9 ठिकानों को निशाना बनाया गया, वे जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा जैसे अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी संगठनों से जुड़े थे।

खास बात यह रही कि इस कार्रवाई में आम लोगों को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया गया और न ही पाकिस्तानी सेना की किसी संपत्ति को नुकसान हुआ। यह भारत की सीमित लेकिन मजबूत आतंकवाद विरोधी नीति को दर्शाता है। यह कार्रवाई गहरी खुफिया जानकारी के बाद की गई। सरकार ने साफ कहा कि यह सिर्फ ताकत दिखाने के लिए नहीं, बल्कि आतंकियों को जवाबदेह ठहराने के लिए था। इसका उद्देश्य यह था कि बिना किसी बड़े संघर्ष में उलझे, आतंकियों के ठिकानों को खत्म किया जाए। देशभर में इस ऑपरेशन के बाद सोशल मीडिया पर ऑपरेशन सिंदूर, जय हिंद, इंडियन आर्मी जैसे हैशटैग ट्रेंड कर रहे हैं।

आईपीएल 2025:



## नेहरा जी पर BCCI का एक्शन... हार्दिक पंड्या और उनकी टीम को भी लगी चपत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 का 56वां मैच गुजरात टाइटन्स के खाते में गया और यह टीम मुंबई इंडियंस को हराकर प्वाइंट्स टेबल में नंबर-1 पर पहुंच गई. मुंबई के कप्तान हार्दिक पंड्या और उनकी टीम पर धीमी ओवरगति के लिए भारी जुर्माना लगाया गया.

उधर, गुजरात टाइटन्स के मुख्य कोच आशीष नेहरा पर खेलभावना के विपरीत आचरण के लिए जुर्माना और डिमेरिट अंक लगाए गए. मुंबई को आईपीएल के वर्षाबाधित मैच में गुजरात ने डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर 3 विकेट से हराया.आईपीएल ने एक बयान में कहा,'यह आईपीएल आचार संहिता के तहत इस सीजन में उनकी टीम का धीमी ओवरगति का दूसरा अपराध था. पंड्या पर 24 लाख रुपये जुर्माना लगाया गया है.' मुंबई की बाकी टीम और सब्स्टीट्यूट खिलाड़ियों पर 6 लाख रुपये या उनकी मैच फीस के 25 प्रतिशत में से जो कम हो,

जुर्माना लगाया गया है. नेहरा की गलती के बारे में विज्ञप्ति में बताया नहीं गया, लेकिन बार-बार बारिश के कारण मैच रुकने के दौरान उन्हें आपा खोते देखा गया. वह मैदानी अंपायरों से भी बार-बार बात कर रहे थे.

आईपीएल ने कहा,'गुजरात टाइटन्स के मुख्य कोच आशीष नेहरा पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के कारण एक डिमेरिट अंक भी लगाया गया. उन्होंने लेवल एक का अपराध किया है जो खेलभावना के विपरीत आचरण के संबंध में है. उन्होंने सजा स्वीकार कर ली है.'

श्रेयस अय्यर बाहर, साई सुदर्शन को मौका पूर्व

# भारतीय सेलेक्टर ने इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय खिलाड़ियों का किया चयन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टेस्ट क्रिकेट टीम इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से शुरू होने वाले 5 मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए पूरी तरह से तैयार है। यह भारत के लिए अहम दौरा होगा क्योंकि टीम इंडिया इस टेस्ट सीरीज के जरिए वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 की शुरुआत करेगी। न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने घर में मिली हार और फिर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज गंवाने के बाद भारत इंग्लिश टीम के खिलाफ टेस्ट सीरीज में जीत दर्ज करना चाहेगा।

इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान अभी किया जाना बाकी है, लेकिन उससे पहले भारतीय टीम के पूर्व मुख्य चयनकर्ता एमएसके प्रसाद ने कुछ ऐसे खिलाड़ियों के नाम बताए हैं जो उन्हें लगता है कि इस दौरे पर टीम इंडिया का हिस्सा बन सकते हैं। प्रसाद ने इस दौरे के लिए श्रेयस अय्यर को सिरे से खारिज कर दिया जबकि उन्होंने विश्वास दिलाया की गुजरात के ओपनर बल्लेबाज साई सुदर्शन टीम का हिस्सा बन



सकते हैं। साई सुदर्शन आईपीएल 2025 में गुजरात टाइटंस के लिए शानदार बैटिंग कर रहे हैं और फॉर्म में हैं। पीटीआई से बातचीत में एमएसके प्रसाद ने कहा कि बाएं हाथ के इस बल्लेबाज को यशस्वी जायसवाल और रोहित शर्मा के बैकअप ओपनर के तौर पर इंग्लैंड सीरीज के लिए टीम में होना चाहिए। उन्होंने कहा कि साई को इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए टीम का हिस्सा होना चाहिए। अगर रोहित टीम का हिस्सा होते हैं तो वह जायसवाल के साथ ओपनिंग करेंगे और साई बैकअप ओपनर हो सकते हैं। मैं यह फैसला चयनकर्ताओं पर छोड़ता हूं। सीरीज आगे बढ़ने पर साई को मौका भी मिल सकता है।

प्रसाद ने कहा कि अर्शदीप सिंह को टीम में होना चाहिए क्योंकि बाएं हाथ का तेज गेंदबाज इंग्लैंड की परिस्थितियों में उपयोगी साबित हो सकता है। उन्होंने अपनी पसंदीदा टीम से श्रेयस अय्यर को बाहर रखा। उन्होंने इस दौरे के लिए रविंद्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर और कुलदीप यादव को पसंदीदा स्पिनर के रूप में टीम में जगह मिलने की बात कही। उन्होंने कहा कि अर्शदीप मेरी पहली पसंद होगी। इंग्लिश परिस्थितियों में आपको बाएं हाथ के तेज गेंदबाज की जरूरत होती है। यह लड़का गेंद को दोनों तरफ घुमाने में सक्षम है। 100 टी20 विकेट लेने के बाद, मुझे लगता है कि वह खेल की बारीकियों को समझने लगा है और उसके पास काउंटी का भी अनुभव है।

# स्वर्ण पदक जीतकर चमके वेदांत नितिन, हरियाणा के रोहित और पंजाब के अमितोज ने जीते पदक



**पटना, एजेंसी।** स्वर्ण पदक जीतकर वेदांत नितिन चमक उठे। वहीं, हरियाणा के रोहित और पंजाब के अमितोज ने भी पदक जीता। बिहार की मेजबानी में खेलो इंडिया यूथ गेम्स शानदार तरीके से हो रहा है। खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 की शूटिंग प्रतियोगिता के तीसरे दिन महाराष्ट्र के वेदांत नितिन ने 50 मीटर थ्री पोजीशंस राइफल (पुरुष युवा वर्ग) में 452.5 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता। उनके बाद हरियाणा के रोहित कन्यन ने 451.9 अंकों के साथ रजत और पंजाब के अमितोज सिंह ने 440.1 अंकों के साथ कांस्य पदक हासिल किया। जीत के बाद वेदांत ने कहा, पिछली खेलो इंडिया प्रतियोगिता में मैं एक बार पांचवें स्थान पर था, इसलिए इस बार थोड़ा नर्वस था। लेकिन अब जब मैंने गोल्ड जीता है, तो यह बहुत खास है। मैं 2022 से खेलो इंडिया से जुड़ा हूं और सरकार की आर्थिक सहायता से चीजें काफी आसान हो गई हैं।

# जेमिमा ने 115 दिन बाद जड़ा शतक, सबसे बड़ा वनडे स्कोर बनाया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** श्रीलंका में चल रही ट्राई-सीरीज में भारतीय महिला क्रिकेट टीम के बल्लेबाजों ने साउथ अफ्रीका के गेंदबाजों पर पूरी तरह से अपना दबदबा बनाए रखा. इस दबदबे की एक वजह स्मृति मंधाना की बल्लेबाजी तो रही ही, जिसने बेहतरीन आगाज दिलाने का काम किया. लेकिन, उस आगाज को सही अंजाम दिया जेमिमा रोड्रिग्ज ने, जिन्होंने ना सिर्फ मैच में शतक लगाया बल्कि अपने वनडे करियर का सबसे बड़ा स्कोर भी बनाया. जेमिमा ने भारतीय महिला वनडे टीम के लिए 7 साल पहले डेब्यू किया था. वो 2018 से वनडे क्रिकेट भारत के लिए खेलती आ रही हैं. लेकिन, वो अपने करियर के सारे शतक इस साल यानी साल 2025 में जड़ती दिख रही है. साउथ अफ्रीका के खिलाफ 7 मई को कोलंबो में खेले मुकाबले में जेमिमा रोड्रिग्ज ने जो शतक जड़ा, वो उनके वनडे करियर का दूसरा शतक रहा और सबसे बड़ा स्कोर भी. इससे पहले उन्होंने अपना पहला वनडे शतक 115 दिन पहले यानी इसी साल 12 जनवरी को आयरलैंड के खिलाफ जड़ा था.

**88 रन स्मृति मंधाना के साथ मिलकर मारे:** जेमिमा रोड्रिग्ज ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 101 गेंदों का सामना करते हुए 15 चौके और 1 छक्के की मदद से 123 रन बनाए, जो कि उनके वनडे करियर का बेस्ट स्कोर है. इस पारी के दौरान जेमिमा ने 88 रन अपनी टीम के स्कोर बोर्ड में सिर्फ स्मृति मंधाना के साथ साझेदारी कर जोड़े. दोनों के बीच ये पार्टनरशिप 99 गेंदों में हुई, जिसमें जेमिमा का योगदान 48 गेंदों में 53 रन का रहा.

**और बन गया सबसे बड़ा स्कोर:** इन दो बड़ी साझेदारियों के दम पर ही जेमिमा रोड्रिग्ज ने ना सिर्फ शतक लगाया बल्कि अपने वनडे करियर का सबसे बड़ा स्कोर बनाया. पहले उनका बड़ा स्कोर 102 रन था.

लेकिन अब उन्हें उनके 123 रन के लिए जाना जाएगा.

**दीप्ति शर्मा के साथ जेमिमा ने की सबसे बड़ी पार्टनरशिप:** स्मृति के अलावा जेमिमा ने अपनी सबसे बड़ी वनडे पारी के दौरान एक और बड़ी साझेदारी टीम के लिए दीप्ति शर्मा के साथ की. इन दोनों ने 115 गेंदों पर 122 रन टीम के स्कोर बोर्ड में जोड़े, जो कि भारतीय पारी में हुई सबसे बड़ी पार्टनरशिप रही. इसमें जेमिमा रोड्रिग्ज का योगदान 53 गेंदों पर 70 रनों का रहा.

# शाहनगर थाना क्षेत्र मे अवैध शराब का भण्डारण करने वाले व्यक्ति को किया गया गिरफ्तार

## आरोपी के कब्जे से 63 लीटर अवैध देशी शराब कीमती करीब 31 हजार 500 रुपये की गई जप्त



**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साईं कृष्णा एस.थोटा द्वारा जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को अवैध शराब का निर्माण, परिवहन, भण्डारण एवं विक्रय करने वाले व्यक्तियो एवं अवैध शस्त्र रखने वाले व्यक्तियो पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान एवं समस्त एसडीओपी पन्ना के मार्गदर्शन मे विशेष अभियान चलाकर शख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य मे थाना प्रभारी शाहनगर द्वारा कार्यवाही हेतु मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया जिसके फलस्वरुप दिनांक 06/05/25 की दरम्यानी रात्रि को थाना प्रभारी शाहनगर को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम डुगरगबा हार मे एक खेत में रखे भूसा मे एक व्यक्ति भारी मात्रा मे अवैध शराब छुपाकर रखे हुये है। थाना प्रभारी के द्वारा वरिष्ठ अधिकारियो को मुखबिर सूचना से अवगत काराया गया।

जिस पर पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान एवं एस.डी.ओ.पी. पवई राजेन्द्र मोहन दुबे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी शाहनगर उनि. मनोज यादव के नेतृत्व मे मुखबिर सूचना की तस्दीक कर कार्यवाही हेतु पुलिस टीम गठित की गई। उक्त पुलिस टीम कार्यवाही हेतु मुखबिर के बताये अनुसार डुगरगबा हार पहुंची जो मुखबिर के बताये अनुसार ग्राम डुगरगबा में एक खेत में भूसा के ढेर के पास एक संदिग्ध व्यक्ति खड़ा दिखाई दिया जो पुलिस टीम को देखकर भागने लगा जिसको घेराबंदी कर पुलिस टीम द्वारा अभिरक्षा मे लेकर उसका नाम पता पूछा जिसने अपना नाम रितिक उर्फ मंजीत व्दिवेदी पिता महेन्द्र दुवेदी निवासी कचौरी का होना बताया। पुलिस टीम द्वारा खेत में रखे भूसा के ढेर की तलाशी ली गई जहां खाखी रंग के 07 कार्टून(पेटी) छिपाकर रखे थे जिनको खोल के देखने पर उसमे अवैध देशी शराब रखा होना पाया गया। अवैध शराब के सम्बंध मे दस्तावेज की पूछताछ किये जाने पर आरोपियो द्वारा कोई भी दस्तोवेज पेश नही किये जाने पर आरोपी के विरूद्ध थाना शाहनगर में अपराध क्रमांक 144/25 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का कायम किया जाकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया एवं आरोपी के कब्जे से 07 पेटी मे रखी 63 लीटर अवैध देशी शराब कीमती करीब 31 हजार 500 रुपये को जप्त कर आरोपी को माननीय न्यायालय पेश किया गया।

नाम पता आरोपी में रितिक उर्फ मंजीत व्दिवेदी पिता महेन्द्र व्दिवेदी उम्र 24 वर्ष निवासी कचौरी थाना शाहनगर जिला पन्ना।

सराहनीय योगदान में थाना प्रभारी शाहनगर उनि. मनोज कुमार यादव, सउनि रंजीत कुजूर, लखनलाल प्यासी, प्र.आर. मनोज त्रिपाठी, धर्मेन्द्र हरदेनिया, आर. रविन्द्र कुमार का सराहनीय योगदान रहा।

# मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा शिक्षा मण्डल बोर्ड के परिणाम घोषित, पन्ना के छात्रा भी प्रवीण सूची में शामिल

**पन्ना।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा हायर सेकेंडरी तथा हाई स्कूल के छात्रों के परिणाम घोषित किए जिसमें पन्ना जिले छात्र छात्राएं भी शामिल हैं। जिला शिक्षा अधिकारी रवि प्रकाश खरे ने बताया कि कक्षा 12वीं बोर्ड की परीक्षा में पन्ना जिले के 79.97 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए है वहीं कक्षा हाईस्कूल कक्षा 10वीं की परीक्षा में 76.10 प्रतिशत विद्यार्थियों को परीक्षा में सफलता प्राप्त हुई है श्री खरे ने बताया कि गत शैक्षणिक सत्र 2023-24 में कक्षा 12वीं की परीक्षा में 63 प्रतिशत तथा कक्षा 10वीं की परीक्षा में 59 प्रतिशत विद्यार्थियों को सफलता प्राप्त हुई थी। जिले का परीक्षा परिणाम तुलनात्मक दृष्टि से परीक्षा परिणामों में अपेक्षित रुप से सुधार हुआ है। मण्डल द्वारा जारी परीक्षा परिणामों में कक्षा 12वीं में पन्ना जिले के 03 विद्यार्थियों को प्रदेश प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त हुआ है। कला संकाय की प्रदेश की प्रावीण्य सूची अनुसार सी.एम. राईज विद्यालय पन्ना में अध्ययनरत रंजीत कुमार पटेल को प्रावीण्य सूची में चौथा स्थान, सी.एम.राईज मॉडल विद्यालय अजयगढ़ की छात्रा कु0 चंचल विश्वकर्मा को नौवा स्थान तथा सी.एम. राईज मॉडल विद्यालय पन्ना के छात्र प्रकाश कुशवाहा को प्रावीण्य सूची दसवॉ स्थान प्राप्त हुआ है। इसी प्रकार हाईस्कूल कक्षा 10वीं बोर्ड की परीक्षा में प्रदेश की प्रावीण्य सूची में पन्ना जिले के पॉच विद्यार्थियों ने स्थान प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की है सरस्वती उ.मा.वि. देवेन्द्रनगर की छात्रा कु0 प्रिया पटेल को प्रदेश में सातवॉ, रेनेबो पब्लिक स्कूल देवेन्द्रनगर की छात्रा कु0 ओशी जैन को, एवं सी.एम.राइज मॉडल विद्यालय अजयगढ़ के छात्र महेन्द्र यादव को प्रदेश में नौंवा स्थान तथा बी.पी.मेमोरियल विद्यालय शाहनगर के छात्र सौरभ कुशवाहा एवं सरस्वती ज्ञान मंदिर गुनौर के छात्र राज सिंह राजपूत को प्रदेश की प्रावीण्य सूची में 10व स्थान प्राप्त हुआ है।

## राहुल साहू का सुयश, हाई स्कूल में उच्चतम अंक प्राप्त कर विद्यालय तथा परिवार का नाम किया रोशन

**पन्ना।** पन्ना नगर के होनहार छात्र राहुल साहू में हाई स्कूल परीक्षा में कड़ी लगाने एवं मेहनत से बेहतर अंक प्राप्त किए हैं उन्होंने 90% अंक प्राप्त कर विद्यालय तथा अपने परिवार एवं रिश्तेदारों का नाम रोशन किया है राहुल साहू नेशनल स्कूल पन्ना के छात्र हैं उनके पिता राजेश साहू माता पारुल साहू है जो बैंक ऑफ़ इंडिया के बगल में निवास रत हैं बड़े पापा महेश साहू है जो न्यायालय में पदस्थ हैंएवं भाई सौरभ साहू भी न्यायालय में सेवाएं दे रहे हैं।

# भागवत कथा के चौथे दिन श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव





**पन्ना।** शहर के श्री जुगुल किशोर जी मंदिर में संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन कथा बालक व्यास श्री पार्थवीर शुक्ला ने कहा की जब-जब भी धरती पर आसुरी शक्ति हावी हुईं, परमात्मा ने धर्म की रक्षा के लिए अवतार लेकर पृथ्वी पर धर्म की स्थापना की। मथुरा में राजा कंस के अत्याचारों से व्यथित होकर धरती की करुण पुकार सुनकर नारायण ने कृष्ण रुप में देवकी के अष्टम पुत्र के रूप में जन्म लिया और धर्म और प्रजा की रक्षा कर कंस का अंत किया। यह बात श्री जुगुल किशोर जी मंदिर में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत के चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण जन्म का प्रसंग सुनाते हुए पंडित पार्थवीर शुक्ला ने श्रद्धालुओं के बीच कही। भागवत के विभिन्न प्रसंगों का वर्णन करते हुए चौथे दिवस पंडित श्री शुक्ला ने भगवान श्री कृष्ण के जन्म की कथा का वर्णन किया। इसके पूर्व पं.श्री शुक्ला ने कहा कि जीवन में भागवत कथा सुनने का सौभाग्य मिलना बड़ा दुर्लभ है। जब भी हमें यह सुअवसर मिले, इसका सदुपयोग करना चाहिए। कथा सुनते हुए उसी के अनुसार कार्य करें। कथा का सुनन तभी सार्थक होगा। जब उसके बताए हुए मार्ग पर चलकर परमार्थ का काम करें। उन्होंने रामकथा का संक्षिप्त में वर्णन करते हुए कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम ने धरती को राक्षसों से मुक्त करने के लिए अवतार धारण किया। कथा में कृष्ण जन्म का वर्णन होने पर समूचा पांडाल खुशी से झूम उठा। मौजूद श्रद्धालु भगवान कृष्ण के जेजेकार के साथ झूमकर कृष्ण जन्म की खुशियां मनाई। कथा सुनने पन्ना शहर सहित आसपास गांव से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं।

# कलेक्ट्रेट की जनसुनवाई में आए 07 आवेदन




**पन्ना।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज 07 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया और समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए। अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र द्वारा जिला मुख्यालय पर पहुंचे आवेदकों की समस्याएं सुनी गईं। इसके अलावा ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में भी आवेदकों की समस्याओं का तत्परतापूर्वक निराकरण किया गया। राज्य शासन के निर्देश पर आमजनों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में आज जनसुनवाई हुई।

# अनुसूचित जाति वर्ग के बेरोजगार युवाओं के लिए संचालित हैं कल्याणकारी योजनाएं

**पन्ना।** अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए संत रविदास स्वरोजगार योजना एवं डॉ. भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना संचालित की जा रही है। उक्त दोनों स्वरोजगार योजना के लिए आवेदक को जिले का मूल निवासी होने के साथ ही सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, आधार, राशन एवं पैन कार्ड, समग्र आईडी व एक पासपोर्ट साइज फोटो आवश्यक है। इसके अलावा संबंधित व्यवसाय का कोटेशन तथा पूर्व में किसी संस्था का डिफाल्टर और वर्तमान में राज्य अथवा केन्द्र सरकार की किसी अन्य स्वरोजगार योजना का हितग्राही नहीं होना चाहिए। संत रविदास स्वरोजगार योजना के लाभ के लिए न्यूनतम कक्षा 8वीं उत्तीर्ण तथा 18 से 45 वर्ष आयु होना आवश्यक है। साथ ही आवेदक के परिवार की वार्षिक आय भी 12 लाख रूपए से अधिक नहीं होना चाहिए, जबकि डॉ. भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना में आयकरदाता न होने की शर्त के साथ 18 से 55 वर्ष की आयु होना चाहिए।

जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति के कार्यपालन अधिकारी आर.के. सतनामी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में संत रविदास स्वरोजगार योजना में युवाओं को उद्योग विनिर्माण की परियोजना के लिए एक से 50 लाख रूपए तक का ऋण मिल सकेगा, जबकि व्यवसाय व सेवा क्षेत्र की परियोजना के लिए एक से 25 लाख रूपए तक की ऋण राशि सीमा निर्धारित है। इसी तरह डॉ. भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना में वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए व्यवसाय सेवा व उद्योग विनिर्माण क्षेत्र की परियोजना के लिए 10 हजार रूपए से एक लाख रूपए तक की सहायता मिल सकेगी।

उक्त दोनों योजनाओं में हितग्राही को बैंक द्वारा वितरित व शेष ऋण पर 5 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से अधिकतम 7 वर्ष तक ब्याज अनुदान भी मिलेगा। निर्धारित अवधि के दौरान हितग्राही का ऋण खाता एनपीए बने रहने पर उस अवधि के लिए कोई ब्याज अनुदान स्वीकार्य नहीं होगा। ब्याज अनुदान की राशि प्रतिपूर्ति के रूप में वार्षिक आधार पर प्रदान की जाएगी। इच्छुकजन एमपी ऑनलाइन के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

म.प्र. राज्य सहकारी अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम के माध्यम से अनुसूचित जाति वर्ग की बेरोजगार महिलाओं के लिए सावित्री बाई फुले स्वसहायता समूह योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिले की मूल निवासी एवं 18 से 55 वर्ष आयु की बेरोजगार महिलाएं इस योजना के लिए पात्र हैं। आवेदिका के पास जाति एवं निवास प्रमाण पत्र सहित आधार एवं बीपीएल राशन कार्ड व परिचय पत्र होना आवश्यक है। पूर्व में किसी संस्था का डिफाल्टर होने पर योजना का लाभ नहीं मिलेगा। योजना में इस वित्तीय वर्ष में उद्योग, सेवा व व्यवसाय इत्यादि के लिए 2 लाख रूपए प्रति सदस्य तक के ऋण प्रकरण के लिए आवेदन किया जा सकता है। इसमें अधिकतम 10 हजार रूपए प्रति सदस्य अनुदान भी निर्धारित है। पात्रताधारी इच्छुक महिलाएं वांछित दस्तावेजों के साथ अंत्यावसायी कार्यालय में आवेदन जमा कर सकेंगी।

# नेशनल लोक अदालत 10 मई को, विद्युत प्रकरणों में मिलेगी अधिभार में छूट

**पन्ना।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार 10 मई को जिला न्यायालय एवं समस्त तहसील न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। उक्त नेशनल लोक अदालत में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के अंतर्गत न्यायालयों में लंबित प्रकरणों में निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवाट भार तक के गैर घरेलू, 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को निर्धारित छूट दी जाएगी।

प्री-लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किए जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिन की अवधि समाप्त होने के पश्चात् प्रत्येक छ:माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। इसी तरह लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किए जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात् प्रत्येक छ:माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट मिलेगी। पक्षकारों से अनुरोध किया गया है कि आगामी शनिवार को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में उपरोक्त छूटों का लाभ लेते हुए आपसी समझौते से अधिक से अधिक संख्या में प्रकरणों का निराकरण कराकर नेशनल लोक अदालत को सफल बनाएं। उपरोक्त छूट केवल नेशनल लोक अदालत में समझौता करने के लिए ही दी जाएगी।

# युवा संगम रोजगार मेला में 81 आवेदक चयनित

**पन्ना।** तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग द्वारा गत दिवस शासकीय आईटीआई पन्ना में आयोजित जिला स्तरीय एक दिवसीय युवा संगम रोजगार मेला में 6 कंपनियों में साक्षात्कार के माध्यम से 81 आवेदकों का चयन किया गया है। जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के कुल 145 आवेदकों द्वारा मेले में पंजीयन कराया गया था। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि युवा संगम रोजगार मेला में अहमदाबाद की टेनेको ऑटोमोटिव प्रा.लि. एवं जबलपुर की प्रथम एजुकेशन टू व्हीलर में 20-20 आवेदकों का चयन हुआ, जबकि एलआईसी पन्ना में 8, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस पन्ना में 17, एसबीआई आरसेटी पन्ना में 6 तथा आईपीएस ग्रुप रीवा में 10 आवेदक चयनित किए गए हैं।

# जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए फर्जी वेबसाइटों से बचने की सलाह

**पन्ना।** आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा जनसामान्य को फर्जी वेबसाइटों के माध्यम से जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए बचाव की सलाह दी गई है। बताया गया है कि प्रमाण पत्र बनाने का दावा करने वाली फर्जी वेबसाइटों की जानकारी आमजनों को न होने से दिक्कतों का सामना करने के साथ ही जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से भी वंचित होना पड़ रहा है। इस संबंध में जानकारी दी गई है कि केवल अधिकृत वेबसाइट पर विजिट कर जन्म-मृत्यु घटना के 21 दिवस के अन्दर प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया जा सकता है। वांछित प्रक्रिया पूर्ण कर एवं रजिस्ट्रार द्वारा आवेदन एप्रूव करने पर स्वत: ही ईमेल पर प्रमाण पत्र प्राप्त हो जाएगा। इसके अलावा एमपी ऑनलाइन, कामस सर्विस सेन्टर अथवा ऑनलाइन कम्प्यूटर शॉप को जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए अधिकृत नहीं किया गया है। शहरी क्षेत्र में जन्म-मृत्यु पंजीयन के लिए संबंधित नगरीय निकाय में भी संपर्क किया जा सकता है। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्र में जन्म-मृत्यु की घटना पर संबंधित ग्राम पंचायत कार्यालय में जाकर पंजीयन करा सकते हैं। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के शासकीय व निजी अस्पताल में जन्म-मृत्यु पर संबंधित अस्पताल घटना का पंजीकरण करने अथवा करवाने तथा प्रमाण पत्र प्रदान करने के लिए बाध्य हैं। जन्म-मृत्यु पंजीयन संबंधी किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए फोन नम्बर 9981535832 एवं 9165478172 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

# 16 मई तक भेजें अधिकारी-कर्मचारियों के स्थानांतरण प्रस्ताव



**पन्ना।** बसामान्य प्रशासन विभाग द्वारा गत दिवस जारी की गई स्थानांतरण नीति 2025 के अनुक्रम में जिला स्तर पर अधिकारी-कर्मचारियों के स्थानांतरण किए जाना हैं। राज्य शासन द्वारा एक से 30 मई 2025 तक की अवधि के लिए स्थानांतरण से प्रतिबंध को शिथिल किया गया है। इस संबंध में कलेक्टर सुरेश कुमार ने जिले के समस्त कार्यालय एवं विभाग प्रमुखों को विभाग की प्रशासनिक आवश्यकता के दृष्टिगत जिला स्तर पर शासकीय सेवकों के स्थानांतरण प्रस्ताव आगामी 16 मई तक अनिवार्य रूप से भेजने के निर्देश दिए हैं।

## बिजली के खंभों से हटाए गए डिक्स केबल टीवी तथा पुलिस सीसीटीवी के तार, दिन भर सेवाएं रही बाधित

**पन्ना।** बिजली के खंभों में डिस्क केबल तथा तथा पुलिस सीसीटीवी कैमरा की केबल लगी हुई थी इसके संबंध में एक बीजेपी के नेता द्वारा शिकायत की उक्त शिकायत के आधार पर विद्युत मंडल के अधिकारियोंने नगर में लगे सभी खंभों से तार हटाए गए जिससे पूरे दिन सेवाएं बाधित रही ।

# रैपुरा थाना क्षेत्र से लापता 02 वर्षीय मासूम बच्ची को पुलिस टीम द्वारा सूचना के 12 घण्टे के अंदर किया गया दस्तयाब

**पन्ना**

पुलिस मुख्यालय द्वारा गुम बालक/बालिकाओं की तलाश पतारसी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साई कृष्णा एस. थोटा द्वारा विभिन्न मामलो मे गुम/ अपहृत बालक /बालिकाओं की अधिक से अधिक दस्तयाबी हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य मे दिनांक 04/05/2025 को फरियादी कैलाश चौधरी निवासी ग्राम चडरा थाना सिमरिया ने थाना रैपुरा उपस्थित आकर रिपोर्ट किया कि वह ग्राम बीरमपुर थाना रैपुरा मे अपने रिश्तेदार के यहां शादी मे आया था जहां शादी समारोह के दौरान उसकी 02 वर्षीय नाबालिग बच्ची को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर कहीं ले गया है फरियादी की रिपोर्ट पर थाना रैपुरा मे अपहरण का अपराध क्रमांक 89/25 धारा 137(2) बी.एन.एस. अज्ञात आरोपी के विरुद्ध कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया एवं थाना प्रभारी रैपुरा द्वारा उक्त घटना की जानकारी वरिष्ठ अधिकारयों को दी गई।




पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुये नाबालिग बच्ची को दस्तयाब करने हेतु पुलिस टीम गठित कर तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान व एस.डी.ओ.पी. पवई श्री राजेन्द मोहन दुवे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रैपुरा उनि. संतोष सिंह यादव के नेतृत्व मे 02 पुलिस टीमो का गठन किया जाकर अपहृत बच्ची की तलाश-पतारसी हेतु रवाना किया गया। पुलिस टीमो द्वारा पूरी तत्परता से घटना स्थल के नजदीक ग्रामीण क्षेत्रो मे उक्त बच्ची के सम्बंध मे पूछताछ की गई साथ ही घटना स्थल ग्राम बीरमपुर जंगल से लगे होने के कारण पुलिस टीमो द्वारा जंगल की सर्चिंग की गई एवं आस-पास के गांव मे उक्त बच्ची के अपहृत होने सूचना एवं फोटो प्रसारित की गई। इसी दौरान जब बच्ची की खोज मे लगी पुलिस टीमे ग्राम सोनमउ कछरा थाना रैपुरा पहुंची तो उक्त बच्ची एक वृद्ध महिला(दादी) के पास रोती हुई मिली। पुलिस टीम द्वारा वृद्ध महिला(दादी) के पास अपहृत बच्ची के पहुंचने के बारे मे पूंछने पर उन्होने बताया कि उक्त बच्ची उन्हे पास के जंगल मे अकेले रोते हुये मिली जिससे वो उसे घर ले आई है। जिसपर पुलिस टीम द्वारा उक्त गुम/अपहृत 02 वर्षीय नाबालिग बच्ची को सूचना के 12 घण्टे के अंदर खोज कर सुरक्षित उसके माता-पिता को सुपुर्द किया गया।

सराहनीय योगदान में संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी रैपुरा उनि. संतोष सिह यादव, सउनि यशवंत सिह ,प्र.आर. चांदनी जैन, प्र.आर. चालक रवि खरे, आर. आलोक सिह , अतुल सिह , गोविन्द अहिरवार, राजेश पटेल, म.आर. सुल्ताना बी का सराहनीय योगदान रहा ।

# सुरक्षा गार्ड एवं सुपरवाईजर के पद पर होगी भर्ती

**पन्ना।** हैदराबाद की एजिल सिक्योरिटी फोर्स टेर्क्रनिंग एकेडमी द्वारा जिले के बेरोजगार युवकों की सुरक्षा गार्ड एवं सुपरवाईजर के पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके लिए जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर आगामी 15 से 23 मई तक शिविर लगाया जाएगा। कक्षा 10वीं से स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण एवं 20 से 35 वर्ष के युवा भर्ती के लिए पात्र हैं। दोनों पद पर भर्ती के लिए आवेदकों की ऊंचाई 175 से.मी. होना आवश्यक है। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था पन्ना में 15 मई, शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गुनौर में 16 मई एवं शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था मोहन्द्रा में 19 मई को भर्ती के लिए शिविर आयोजित किया जाएगा। इसी तरह 20 मई को नगर परिषद देवेन्द्रनगर, 21 मई को नगर परिषद अमानगंज एवं 22 मई को नगर परिषद अजयगढ़ में शिविर लगेगा, जबकि शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में भर्ती के लिए 23 मई को शिविर लगाया जाएगा। शिविर का समय सुबह 10:30 बजे से शाम 04:00 बजे तक निर्धारित है।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर

सीधी, गुरुवार 08 मई 2025




नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देश पर चलाए जा रहे नियमित अतिक्रमण विरोधी अभियान पर निगम अमले द्वारा सख्त कार्यवाही जारी है। उसी अवसर का दृष्य।



## सीएम हेल्पलाइन में 50 दिन से अधिक की शिकायतें तत्काल निराकरण करे

### ई-केवाइसी के साथ विषमता वाले परिवारों के नाम पोर्टल से पृथक करें : कलेक्टर

**रीवा।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का तत्परता से निराकरण करें। इसमें 50 दिन से अधिक समय से लंबित आवेदनों का तत्काल निराकरण करायें। समाधान आनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का भी शीघ्र निराकरण करें। अभी भी लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, राजस्व विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, खाद्य विभाग, नगरीय निकाय, श्रम विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग में बड़ी संख्या में आवेदन पत्र लंबित हैं। अधीक्षण यंत्री विद्युत मंडल बिजली बिलों के सुधार तथा बिजली आपूर्ति से संबंधित सभी आवेदनों का तीन दिवस में निराकरण करें।



बैठक में कलेक्टर ने कहा कि फसलों की कटाई के बाद खेत खाली हैं। एसडीएम और तहसीलदार टीम बनाकर सीमांकन के लंबित प्रकरणों का निराकरण करें। सीएम हेल्पलाइन में दर्ज सीमांकन के सभी प्रकरण 7 दिवस में निराकृत करें। पटवारी तथा राजस्व निरीक्षक का दल बनाकर उन्हें सीमांकन का दैनिक लक्ष्य निर्धारित करें। सीमांकन होने के बाद पोर्टल पर जानकारी दर्ज कर लंबित आवेदनों का निराकरण करें। समग्र पोर्टल में ईकेवाइसी अपडेशन की प्रगति संतोषजनक नहीं है। इसमें लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर अपर कलेक्टर समुचित कार्यवाही करें। खाद्य सुरक्षा योजना के हितग्राहियों का ईकेवाईसी अपडेशन अभी केवल 80 प्रतिशत हुआ है। शेष बचे हितग्राहियों का 15 मई से पहले ईकेवाईसी अपडेट कराने के साथ विषमता परिवार, मृत सदस्यों तथा स्थाई रूप से पलायन करने वालों का नाम पोर्टल से पृथक करें। कलेक्टर ने कहा कि सीएम डैशबोर्ड में निर्धारित सभी बिन्दुओं पर संबंधित अधिकारी तत्परता से कार्यवाही करें। उप संचालक कृषि द्वारा पंचनामें के साथ नरवाई की घटनाओं की रिपोर्ट दी गयी है। सेटेलाइट से प्राप्त इस रिपोर्ट के आधार पर नरवाई जलाने वालों पर एसडीएम और तहसीलदार दो दिवस में जुर्माने की कार्यवाही करें। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जल संरक्षण के कार्यों की प्रशासकीय तथा तकनीकी स्वीकृत जारी कराके खेत तालाब और अमृत सरोबरों का निर्माण शुरू करायें। वाटर हार्वेधस्टग और हैण्डपंप तथा कुंओं में रिचार्ज पिट बनाने का भी अभियान चलाये। भारत सरकार द्वारा देश को क्षय रोग से मुक्त बनाने के लिए क्षय नियंत्रण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके तहत क्षय रोग से पीड़ित रोगी को स्वयंसेवी संस्थाओं तथा आमजनों के सहयोग से निर्धारित सहयोग राशि लेकर 6 माह तक अतिरिक्त पोषण आहार दिया जाता है। सभी अधिकारी निक्षयमित्र बनकर कम से कम एक क्षय रोगी को पोषण आहार बास्केट देने में सहयोग करें। बैठक में कलेक्टर ने सड़क तथा नाली निर्माण के लिए पेयजल जल की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त करने पर नाराजगी व्यक्त की। कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तत्काल पेयजल पाइप लाइन में सुधार कराकर पेयजल की आपूर्ति बहाल करने के निर्देश दिये। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवणे, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, संयुक्त कलेक्टर पी.के. पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर श्रेयस गोखले सभी एसडीएम जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा संबंधित जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

## आतंकवाद पर करारा प्रहार, ऑपरेशन सिंदूर : उप मुख्यमंत्री

### पूरे देश में खुशी की लहर, प्रधानमंत्री मोदी का व्यक्त किया आभार

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के तहत निर्णायक और योजनाबद्ध कार्रवाई की गई है, उससे पूरे देश में खुशी की लहर है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत की गई कार्यवाही पर मीडिया से विचार साझा करते हुए कहा कि देश की जनता को भरोसा था कि मोदी जी पहलगाम में हुए उस कायराना हमले का, जिसमें हमारी बहनों और माताओं के सिंदूर को उजाड़ने का कुत्सित प्रयास किया गया था, ठोस और निर्णायक जवाब जरूर देंगे। आज पूरा देश देख रहा है कि किस प्रकार आतंक के बड़े अड्डों को ध्वस्त कर आतंकवाद को जड़



से समाप्त करने की दिशा में कदम बढ़ाया गया है।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने प्रधानमंत्री श्री मोदी के को इस दृढ़ और साहसी नेतृत्व के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि अब समय आ गया है जब राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर समस्त देशवासी एकजुट हों। उन्होंने कहा कि यह आवश्यक है कि हम सभी एक स्वर में राष्ट्रहित में खड़े हों और सरकार का समर्थन करें। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के सफल संचालन से यह स्पष्ट हो गया है कि भारत अब किसी भी आतंकी हमले को सहन नहीं करेगा और हर हमले का जवाब दुगुनी ताकत से देगा।

### रीवा में ड्रेगन फ्रूट खेती का नवाचार

## कृषक के.पी. सिंह कर रहे हैं ड्रेगन फ्रूट की खेती

**रीवा।** रीवा जिले में ड्रेगन फ्रूट की खेती का नवाचार करने का संकल्प लेकर कृषक के.पी. सिंह ड्रेगन फ्रूट की खेती करने वाले एक मात्र कृषक हैं। मनगवां के समीप बसेड़ा गांव में शिव ड्रेगन फ्रूट के नाम से के.पी. सिंह ने मार्च 2024 में ड्रेगन फ्रूट की खेती करना प्रारंभ किया है। कक्षा 12वीं पास कृषक श्री सिंह ग्राम पंचायत के सरपंच भी है। उन्होंने हैदराबाद से ड्रेगन फ्रूट की कलम लाकर उपचारित कर धूप से बचाव के लिये चूने के घोल को मिलाकर बालू व देशी खाद सहित आर्गेनिक खेती करना शुरू किया। अभी उन्होंने 40 डिसमिल क्षेत्र में 6 लाख रूपये की लागत से खेती



प्रारंभ की है इसे एक एकड़ में लगाने का लक्ष्य है। कृषक श्री सिंह हैदराबाद से 200 पेड़ प्रति पेड़ 600 रूपये की लागत के ड्रेगन फ्रूट की कलम लेकर आये थे।

कृषक के.पी. सिंह बताते हैं कि मुझे गूगल में देखकर ड्रेगन खेती करने का विचार मन में आया। यह ऐसी खेती है जो मरूस्थलीय जगह में हो सकती है तथा बहुत ही कम पानी चाहिए। देशी गोबर की खाद व बालू से इसे पर्याप्त नमी मिल जाती है। यह फल 400 रूपये से 500 रूपये प्रति मिलो ग्राम तक विकता है तथा प्लेट्स एवं इम्यूनिटी बढ़ाने तथा पीलिया के मरीज के लिये बहुत ही उपयोगी है। के.पी. सिंह का लक्ष्य है कि वह अपनी पंचायत को ड्रेगन फ्रूट खेती करने वाली पंचायत बनायें तथा अधिक से अधिक कृषक उसकी खेती करें। वह ड्रेनिंग सेंटर बनाकर अन्य किसानों को भी इसकी खेती के लिये प्रेरित करने का इरादा रखते हैं। हितग्राही मो. नं. 9301245270 है।

## ज्ञानोदय विद्यालय में कक्षा 11वीं में प्रवेश शुरू

**रीवा।** जनजातीय कार्य विभाग द्वारा अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के लिए शासकीय ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय रीवा में संचालित है। कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद कक्षा 11वीं में तीन संकायों गणित, जीव विज्ञान तथा वाणिज्य संकाय में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। इस संबंध में प्राचार्य एन.के. दुबे ने बताया कि प्रवेश के लिए आवेदन पत्र विद्यालय से निःशुल्क प्राप्त किये जा सकते हैं। कक्षा 10वीं में 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने के वाले अनुसूचित जाति के विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं। इस संबंध में अन्य जानकारियाँ कार्यालयीन समय में ज्ञानोदय विद्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं।

## किसानों के लिए वरदान है सुपर सीडर

### नरवाई का निदान और बुवाई एक साथ

**रीवा।** खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए शासन द्वारा कई योजनाएं लागू की गई हैं। किसानों को आधुनिक तकनीक का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी का उदाहरण सुपर सीडर है। सुपर सीडर ट्रैक्टर के साथ जुड़कर कार्य करने वाला ऐसा यंत्र है जो नरवाई की समस्या का निदान करने के साथ-साथ बुवाई भी करता है। जो किसान धान की खेती के बाद गेंहू और चने की बुवाई करते हैं उनके लिए यह अत्यंत उपयोगी है। सुपर सीडर धान अथवा अन्य किसी भी फसल के डंठल जिसे नरवाई कहा जाता है उसे आसानी से छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर मिट्टी मे मिला देता है। इसके उपयोग से नरवाई को जलाने की जरूरत नहीं पड़ती। इससे एक ओर पर्यावरण प्रदूषण



पर नियंत्रण होता है वहीं दूसरी ओर मिट्टी के ऊपरी परत के उपयोगी जीवाणुओं के जीवन की रक्षा भी होती है। सुपर सीडर से नरवाई वाले खेत में सीधे गेंहू, चने अथवा अन्य फसल की बोनी की जा सकती है। इसके उपयोग से किसान को नरवाई की झंझट से मुक्ति मिलती है। जो नरवाई किसान के लिए समस्या है उसे सुपर सीडर खाद के रूप में बदलकर वरदान बना देता है।

संभागीय कृषि अभियांत्रिकी विभाग सतना में सुपर सीडर उपलब्ध है। शासन की योजनाओं के तहत किसान को सुपर सीडर खरीदने पर 40 प्रतिशत तक छूट दी जा रही है। सुपर सीडर सामान्य तौर पर एक घण्टे में एक एकड़ क्षेत्र में नरवाई नष्ट करने के साथ बुवाई कर देता है। गेंहू के बाद जिन क्षेत्रों में मूंग की खेती की जाती है वहाँ भी सुपर सीडर बहुत उपयोगी है। हार्वेस्टर से कटाई के बाद गेंहू के शेष बचे डंठल को आसानी से मिट्टी में मिलाकर सुपर सीडर मूंग की बुवाई कर देता है। सुपर सीडर के उपयोग से जुताई का खर्च बच जाता है। नरवाई नष्ट करने, जुताई और बुवाई एक साथ हो जाने से खेती की लागत घटती है। जिन किसानों के पास ट्रैक्टर हैं उनके घर के शिक्षित युवा सुपर सीडर खरीदकर एक सीजन में एक लाख रुपए तक की कमाई कर सकते हैं।

## नरवाई जलाने वाले किसान को जुर्माने का नोटिस

**रीवा।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल द्वारा रीवा जिले में नरवाई जलाने पर प्रतिबंध के आदेश दिये हैं। इस आदेश का उल्लंघन करके हुजूर तहसील के ग्राम भटलों में 30 अप्रैल को आराजी क्रमांक 1836 में नरवाई जलाने की घटना सेटेलाइन के माध्यम से दर्ज हुई है। राजस्व तथा कृषि विभाग के मैदानी कर्मचारियों द्वारा मौके पर जांच करने में नरवाई जलाना प्रमाणित पाया गया है। तहसीलदार हुजूर शिवशंकर शुक्ला ने नरवाई जलाने वाले किसान उमा प्रताप सिंह को 5 हजार रूपये के जुर्माने का नोटिस दिया है। नोटिस का तीन दिवस में संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने पर जुर्माने की कार्यवाही की जायेगी।

## अजब कुंवरी बावड़ी के पास बने भयप्रद भवन को गिराया गया, ऐतिहासिक धरोहर को संवारने की तैयारी

**रीवा।** नगर निगम द्वारा अजब कुंवरी बावड़ी के पास स्थित पुराने और भयप्रद भवन को अंततः ध्वस्त कर दिया गया है। लंबे समय से जर्जर अवस्था में खड़ा यह भवन न केवल क्षेत्र की सुंदरता को बिगाड़ रहा था, बल्कि अनैतिक गतिविधियों का अड्डा भी बन गया था। जिस पर नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देश पर यह कार्रवाई अमल में लाई गई। निगम आयुक्त ने बताया कि भवन गिराने के बाद अब यहां एक सुंदर पार्क विकसित किया जाएगा, जिससे शहर की हरित क्षेत्र विकसित और स्वच्छता में इजाफा होगा। साथ ही, रीवा की ऐतिहासिक धरोहर अजब



कुंवरी बावड़ी को संरक्षित कर और आकर्षक रूप में नागरिकों के लिए बेहतर स्थल प्रस्तुत किया जाएगा। इस अवसर पर कार्यपालन यंत्री श्री एचके त्रिपाठी, उपयंत्री श्रीमती सुवर्णा तिवारी एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पुलिस एवं सेना भर्ती का प्रशिक्षण प्रारंभ

**रीवा।** खेल और युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में पार्थ योजना के तहत पुलिस एवं आर्मी भर्ती ट्रेनिंग स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में प्रारंभ की गई। द्वितीय चरण में आवेदकों का मेडिकल परीक्षण किया गया एवं मानसिक दक्षता बढाने के लिए कक्षाएँ की प्रारंभ की गई। संभागीय खेल और युवा कल्याण अधिकारी एम.के. धौलपुरी ने बताया कि पार्थ योजना का द्वितीय



चरण स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में प्रारंभ हुआ जिसमें बालक एवं बालिकाओं के मेडिकल परीक्षण एवं मानसिक दक्षता कोचिंग क्लॉसेस प्रारंभ किये गये। पार्थ योजना में इच्छुक बालक एवं बालिका स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स रीवा मे मोबाईल नम्बर 9755618571, 7224926265 पर संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते है।

## मैन्युअल स्केवेसिंग जिला स्तरीय सतर्कता एवं मानीटरिंग समिति की बैठक आज

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में मैन्युअल स्केवेसिंग जिला स्तरीय सतर्कता एवं मानीटरिंग समिति की बैठक 8 मई को कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित की गई है। जिला संयोजक अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य विभाग ने सुबह 11 बजे से आयोजित बैठक में संबंधितों से उपस्थिति का अनुरोध किया है।

## शहर में हो रहे अतिक्रमण पर ननि की कार्यवाही

**रीवा।** नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देश पर चलाए जा रहे नियमित अतिक्रमण विरोधी अभियान पर निगम अमले द्वारा सख्त कार्यवाही जारी है। दिनांक 7 मई को गंगा वाटिका के पीछे स्थित रोड़ पर कई दुकानदारों द्वारा पत्रियों और तिरपालों को बाहर रखकर अतिक्रमण कर व्यवसाय किया जा रहा था। जिस पर कार्यवाही करते हुए बाहर रखे पत्री और तिरपाल के सेट को हटाया जाकर मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। साथ ही निगम आयुक्त ने राजस्व अधिकारियों को उन दुकानदारों पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिये और कहा कि अगर दोबारा बाहर रखकर व्यापार किया जाता है तो दुकानें निरस्त कर दी जाए। इसी प्रकार



हास्पिटल चौराहे के पास आश्रय स्थल के नीचे दुकानदारो द्वारा अस्थाई अतिक्रमण कर आवागवन अवरूद्ध किया जा रहा था जिस पर कार्रवाई करते हुये रू. 13000 की चालानी कार्यवाही के साथ सामान जप्ती की कार्यवाही की गई। निगम आयुक्त ने स्पष्ट किया है कि शहर की सुंदरता, यातायात व्यवस्था और आमजन की सुविधा के लिए अतिक्रमण पर कठोर कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। नागरिकों से अपील की गई है कि वे सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण करने से बचें, अन्यथा नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इसी प्रकार सीएम हेल्पलाइन एवं कन्ट्रोल रूम में प्राप्त शिकायतों के आधार पर निगम अमले ने शहर के विभिन्न क्षेत्र जिनमें जनता कॉलेज मोड़ के पास रोड़ पटरी पर सब्जी और ठेले वालों के द्वारा किये गये अतिक्रमण को हटाये जाने की कार्रवाई की गई। इस अवसर पर उपायुक्त श्री एमएस सिद्दीकी, सहायक राजस्व अधिकारी श्री रावेन्द्र सिंह, श्री नीलेश चतुर्वेदी, अतिक्रमण सहायक श्री सुखेन्द्र चतुर्वेदी, श्री ज्ञानेन्द्र द्विवेदी, स्वच्छता निरीक्षक श्री धीरज पाण्डेय एवं नगर निगम अमला उपस्थित रहा।

## अवैध राशि की मांग करने वाले सहायक समिति प्रबंधक निलंबित

**रीवा।** प्रशासक प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति गोविंदगढ़ ने सहायक समिति प्रबंधक अनिल कुमार चतुर्वेदी को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश दिये हैं। निलंबन अवधि में श्री चतुर्वेदी का मुख्यालय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति गोविंदगढ़ रहेगा। उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता दिया जायेगा। सहायक समिति प्रबंधक श्री चतुर्वेदी द्वारा आपरेटर की मजदूरी भुगतान के लिए अवैध राशि की मांग का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसी जांच करने पर अवैध राशि की मांग प्रमाणित पाये जाने पर निलंबन की कार्यवाही की गयी है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान में पीएचई कर रहा पाइप लाइनों में सुधार

**रीवा।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नवीन जल संरचनाओं का निर्माण करने के साथ-साथ पानी को व्यर्थ करने से बचाने के भी प्रयास किये जा रहे हैं। लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा जिले भर में अभियान चलाकर नल जल योजना की पाइप लाइनों के लिकेज दूर किये जा रहे हैं। इसके साथ-साथ हैण्डपंपों में रिचार्ज पिट का निर्माण भी कराया जा रहा है। इस संबंध में कार्यपालन यंत्री संजय पाण्डेय ने बताया कि विभाग के कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री और उप यंत्री लगातार भ्रमण करके नल जल योजनाओं का निरीक्षण कर रहे



हैं। गत दिवस रीवा विकासखण्ड के ग्राम भिटवा और रौसर की नल जल योजनाओं का निरीक्षण किया गया। इसी तरह ग्राम गोड़हर की नल जल योजना में पाइप लाइन का सुधार कराया गया। ग्राम नर्रहा में तथा हर्दी में जल संवर्धन के कार्य किये जा रहे हैं। नर्रहा में नल जल योजना का सुधार कराके पानी की आपूर्ति शुरू की गयी। इसी तरह रायपुर कर्चुलियान के विकासखण्ड ग्राम हर्दी, सिरमौर विकासखण्ड के ग्राम बदरौव पिपरियान में पाइप लाइन में सुधार कार्य कराया गया। ग्राम पंचायतों के सहयोग से हैण्डपंपों में रिचार्ज पिट बनाने के कार्य भी लगातार किया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम कलवारी तथा कटरा में नल जल योजनाओं का निरीक्षण किया गया। रीवा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत करहिया नं. एक में जन चौपाल का आयोजन करके आमजनता को जल संरक्षण का संदेश दिया गया। गांव की नल जल योजना तथा ग्राम अगडाल की नल जल योजना का निरीक्षण करके उनमें आवश्यक सुधार कराया गया।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833